आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी 02:07 तक उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 313, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14

लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना



बुधवार को अनंतनाग के पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप पहुंचे तीर्थ यात्री।

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी - अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किमी) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

## शेख हसीना को छह महीने की जेल की सजा

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री अदालत की अवमानना मामले में दोषी करार

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत के अंश की समीक्षा के बाद यह आदेश पारित किया। फोन पर बातचीत के अंश पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। पिछले साल अगस्त में पद छोड़ने के बाद से यह पहली बार है जब 72 वर्षीय नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है। ऑडियो क्लिप में अपदस्थ प्रधानमंत्री को गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील अकंद बुलबुल से कथित तौर पर ये कहते सुना जा सकता है कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। न्यायाधिकरण ने बयान को अवमाननापूर्ण और अदालत को कमजोर करने का सीधा प्रयास माना।



● प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील बुलबुल को भी सजा

### आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी सजा

न्यायाधिकरण ने प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता बुलबुल को भी दोषी ठहराया और दो महीने के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधिकरण ने फैसले में कहा कि सजा की अवधि उनकी गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी। पिछले साल पांच अगस्त को देश में छात्रों के नेतृत्व वाले एक बड़े आंदोलन के बाद हसीना को अपदस्थ कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें ढाका छोड़कर जाना पड़ा था। हसीना के पद से हटने के बाद 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था।

## एक नजर

### पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी सूचना के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

### धन शोधन के मामले में सीए को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि यूको बैंक के पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सुबोध कुमार गोयल से जुड़े 1,460 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन में कथित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने कहा कि अनंत कुमार अग्रवाल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य की जांच के सिलसिले में 25 जून को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था।

## नेशनल हेराल्ड केस : एजेएल के अधिग्रहण में हुआ था फर्जी लेनदेन

### राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी के दावे से सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

- 2000 करोड़ रुपये एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्ति
- यंग इंडिया में हिस्सेदार हैं सोनिया और राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। ईडी की तरफ से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है।

एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था।

एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को किए गए ''फर्जी लेनदेन'' में शामिल थे। ईडी के मुताबिक, कांग्रेस के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से किराए का भुगतान किया था। इन लेन-देन के साथ फर्जी किराया रसीदें तैयार की गई थीं। ईडी ने दावा किया कि साजिश थी कि यंग इंडिया के माध्यम से 2,000 करोड़ की संपत्ति कब्जे में लेकर 90 करोड़ का कर्ज लिया जाए।



### भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने दर्ज कराई थी वर्ष 2012 में शिकायत

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

### 50 लाख रुपये में यंग इंडिया को बेच दी एजेएल की संपत्ति

ईडी ने ये भी बताया कि कांग्रेस कमेटी ने सार्वजनिक टेंडर निकाले बिना एजेएल की संपत्ति यंग इंडिया को 50 लाख रुपये में बेच दी, जबकि एजीएल की संपत्ति 2,000 करोड़ की थी। यंग इंडिया के पास इसे चुकाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके बाद यह मामला कोलकाता में शेल कंपनियों तक पहुंचा। एक करोड़ रुपय का लोन यंग इंडिया को दिया गया, जबकि इसकी बैलेंस शीट नेगेटिव थी। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि यंग इंडिया पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नियंत्रण था। दोनों ने मिलकर 76 प्रतिशत शेयर अपने पास रखे थे। वास्तव में ये दोनों इनके संचालन के लिए जिम्मेदार थे।

## चीनी नागरिक से जुड़े साइबर फ्राड मामले में ईडी का छापा

### 900 करोड़ की धोखाधड़ी में दिल्ली में पांच जगहों पर छानबीन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है।

### साइबर धोखाधड़ी में जामताड़ा से तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10 .80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने पारंपरिक आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली और कई घंटे तक दूर से संदिग्धों पर नजर रखी। दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया है।



### दिल्ली के साइबर थाने में दर्ज हुआ था मामला

दिल्ली के पालम निवासी केसी बर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588 .82 रुपये भुगतान हो गए हैं। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दे।

## सीआरआई फंड से उप्र में होगा 10 सेतुओं का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बढ़ेगी कनेक्टिविटी, लोकनिर्माण विभाग ने तैयार किया खाका
- केंद्रीय निधि का उपयोग कर 1,111 करोड़ लागत से होंगे कार्य

**अमृत विचार :** एक्सप्रेसवे स्टेट का स्वरूप ले रहे उत्तर प्रदेश में लोकनिर्माण विभाग द्वारा एक खाका तैयार किया गया है जिसके तहत सेतु बंधन की 10 परियोजनाओं को 1,111 करोड़ की लागत से पूरा करने की तैयारी है। इस योजना के जरिए जिन सेतुओं का निर्माण होना प्रस्तावित है उसमें मुख्यतः रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) और रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सीआरआई फंड से मार्गों के निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्यों को पूरा करने की तैयारी है।

दरअसल, सीआरआई फंड के इस्तेमाल से लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में जिन 10 आरओबी व आरयूबी के निर्माण व विकास की प्रक्रिया पर काम किया जाना है उसे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। मालूम हो कि कार्यों के चयन का निर्धारण टीयूवी व उपयोगिता के आधार पर किया जाता है। टेन व्हीकल यूनिट्स (टीयूवी) लेवल क्रॉसिंग गेट्स के वर्गीकरण में इस्तेमाल होने वाला एक टर्म है। यह दर्शाता है कि एक दिन में औसतन कितनी ट्रेनें और यातायात वाहनों का उस सेक्शन से आना-जाना होता है। ऐसे में, सेतुओं के निर्माण में उन सेक्शंस पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता है जिनकी टीयूवी संख्या अधिक है और इसे भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर कार्य हो रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 1,111 करोड़ की लागत से 10 सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति दी गई थी, जिस पर मौजूदा वित्तीय वर्ष में कार्य होना प्रस्तावित है। इनमें से प्रत्येक सेतुओं के निर्माण में 50 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी और इनके पूरा होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण भी होगा

केंद्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि का इस्तेमाल प्रदेश में सेतु और मार्गों के निर्माण में किया जाना है। इसको लेकर भी लोकनिर्माण विभाग द्वारा एक कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अनुसार, भारत सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 136 करोड़ की लागत से कार्यों को पूरा करने का अनुमोदन किया गया था जिसे इस वित्तीय वर्ष में पूरा किया जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत मुख्यत: मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, बाइपास व रिंग रोड निर्माण तथा राष्ट्रीय मार्ग के समानान्तर सर्विस मार्गों के निर्माण जैसे कार्य किए जाते हैं।

## प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को स्कूली बच्चों की ओर से याचिका दाखिल करते हुए चुनौती दी गई है। मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

बुधवार को सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों की ओर से दाखिल याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश हुई। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले की सुनवाई अगले दिन करने का अनुरोध किया गया जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध होने की दलील दी है। साथ ही विलय से छोटे बच्चों के स्कूलों से दूर हो जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। याचिका में प्राथमिक स्कूलों की चल रही उक्त विलय की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने की गुजारिश की गई है।



● बच्चों की याचिका पर कोर्ट आज करेगी सुनवाई

## हवा में उखड़ा विमान की खिड़की का फ्रेम

मुंबई, एजेंसी

● गोवा से पुणे जा रही थी स्पाइस जेट की फ्लाइट

गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइंस की तरफ से बुधवार को कहा गया कि अगले (पुणे) हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया।

एयरलाइन ने कहा कि क्यू400 विमान में से एक की कॉस्मेटिक (आंतरिक) खिड़की का फ्रेम उड़ान के दौरान ढीला हो गया और उखड़ गया। स्पाइसजेट ने यह भी कहा कि पूरी उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने कहा कि जो हिस्सा उखड़ गया था, वह एक गैर-संरचनात्मक घटक था, जिसे छाया के उद्देश्य से खिड़की पर लगाया गया था।




## पीक ऑवर में दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

● केंद्र सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा, ताकि डेड माइलेज की भरपाई की जा सके। इसमें बिना यात्री के तय की गई दूरी, यात्रा वाली दूरी और यात्री को लेने के लिए उपयोग किया गया ईंधन शामिल है।

## पत्नी और बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, उन्हें सम्मान से वंचित करना

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण के मामले में की टिप्पणी, अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को 'अंतरिम भरण-पोषण' आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है।

एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं।

हालांकि, न्यायमूर्ति शर्मा ने नाबालिग बेटी के लिए दी जाने वाली राशि घटाकर 17,500 रुपये प्रतिमाह कर दी, जबकि पत्नी के लिए दी जाने वाली राशि को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि पति अपनी नियमित आय और संसाधनों के बल पर सुरक्षित शांति से सोता रहा, जबकि अलग रह रही पत्नी चुपचाप पीड़ा झेलती रही, अनिश्चितता और चिंता से जूझती रही कि अगर यह राशि समय पर नहीं दी गई, तो वह अपनी बुनियादी जरूरतों को कैसे पूरा करेगी। अदालत ने कहा कि यद्यपि याचिकाकर्ता (पति) का तर्क है कि केवल एक महीने का भरण-पोषण बकाया है, प्रतिवादी (पत्नी) पर इस तरह की देरी के प्रभाव को कम करके आंका नहीं जा सकता है।




### भरण-पोषण देना कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी


अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है… यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

### एक दिन की देरी भी होती है कठिनाई का कारण

अदालत ने कहा कि वास्तविकता यह है कि बुनियादी खर्चों पर एक दिन की अनिश्चितता भी प्रतिवादी के लिए संकट और कठिनाई का कारण बनती है, जो अपने जीवनयापन और नाबालिग बच्चे के भरण-पोषण के लिए पूरी तरह से इसी राशि पर निर्भर है। आदेश में कहा गया है कि भरण-पोषण का उद्देश्य सम्मान के साथ जीने और भोजन, आश्रय, कपड़े, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी खर्चों को पूरा करने के उनके अधिकार की रक्षा करना है।

# 28 सीटर अनुबंधित बसें चलाएं, सिटी बसें बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक लेते मंडलायुक्त। अमृत विचार

- जिन वाहनों के परमिट की वैधता समाप्त हो गई, उनके परमिट रद्द करें
- चालकों के तीन या चार चालान हो चुके हैं तो उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं
- सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में मण्डलायुक्त ने दिए निर्देश

**अमृत विचार**। महानगर में आवागमन के संसाधनों की कोई कमी नहीं होना चाहिए। जहां संसाधन की कमी है, वहां अनुबंधित 28 सीटर बसें चलाएं और सिटी बसों की संख्या भी बढ़ाएं। जिन चालकों के तीन या चार बार चालान हो चुके हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त करें।

बुधवार को मण्डलायुक्त के. विजयेन्द्र पाण्डियन की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक हुई जिसमें जनहित और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं नियमों को कड़ाई से पालन कराने एवं लंबित परमिट प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन रूटों पर अभी सार्वजनिक बसें नहीं चल रही हैं वहां बस संचालन की संभावना तलाशी जाए और जरूरत के अनुसार प्रस्ताव तैयार किए जायें। सिटी बसों की संख्या बढ़ाएं और 28 सीटर बसों का संचालन किया जाए। जरूरत पड़े तो वहां अनुबंध बसें चलाएं।

मंडलायुक्त ने कहा कि जिन चालकों के तीन से चार चालान हो चुके हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किये जायें। नियमों की धज्जियां उड़ा रहे वाहनों पर शिकंजा कसें और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें। स्कूली बस, आटो, टेंपो, ई रिक्शा व अन्य ऐसे वाहन जिन्होंने अपने परमिट नवीनीकरण नहीं कराए हैं, ऐसे वाहनों के परमिट निरस्त करें। बताया गया कि ऐसे कुल 3430 वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है।

मंडलायुक्त ने कहा कि बिना परमिट वाहन चलाना पूरी तरह अवैध है और इस पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) कानपुर आर.आर. सोनी, आरटीओ प्रशासन राकेन्द्र कुमार सिंह, आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, एआरएम रोडवेज रामलवट आदि मौजूद रहे।

# बारिश से तीन दर्जन मोहल्लों की बिजली गुल, कई जगह जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


उर्सला अस्पताल परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। शाम को हुई तेज बारिश की वजह से लगभग तीन दर्जन इलाकों की बिजली गुल हो गई। बाजारों में सन्नाटा पसर गया। कई इलाकों मे 6 घंटे तक बिजली आंख-मिचौनी करती रही।

शहर में शाम को हुई बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया। कई सड़कों पर पानी भर गया। राहगीर परेशान हो गए। बर्रा विश्व बैंक, पीरोड, मिर्जापुर, स्वरूप नगर, मनोहर नगर, जाजमऊ, कल्याणपुर, आचार्य नगर, चमनगंज, सिंधी कॉलोनी, मतइया पुरवा, देहली सुजानपुर, कोयला नगर, गणेश चौराहा, छोटा लखनपुर सहित अन्य इलाकों में बिजली न होने से लोग परेशान रहे। शाम को बिजली जाने की वह से घरों में पानी की मोटर नहीं चली जिससे टंकियां सूखी रहीं। राणा प्रताप नगर में 6 घंटे तक बिजली नहीं रही।

## उद्योगों और आईटीआई की समन्वय समिति का गठन हुआ, साझा किए गए विचार

# आईटीआई और इंडस्ट्री दूर करेंगे युवाओं में स्किल गैप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बैठक में मौजूद आईटीआई अधिकारी और उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। आईटीआई और उद्योगों के बीच स्किल गैप को दूर करने के लिए बुधवार को पहली बैठक हुई। इसमें उद्योग व आईटीआई की समन्वय समिति का गठन हुआ। इस समिति की बैठक अब हर महीने होगी। यह भी तय किया गया कि युवाओं में स्किल गैप को भरने के लिए अब संस्थान के प्रशिक्षक इंडस्ट्री का निरीक्षण करेंगे। उद्यमी भी आईटीआई आकर प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को महत्वपूर्ण टिप्स विशेष लेक्चर के माध्यम से देंगे।

आईटीआई की एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, अब्दुल अली, लघु उद्योग भारती के लाडली प्रसाद, आईआईए से दिनेश बरसिया, पीआईए से मनोज बंका सहित अन्य औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए। संयुक्त निदेशक कानपुर मंडल आरके मौर्य, आईटीआई पांडु नगर के नोडल प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल रहे। बैठक में उद्योग एवं आईटीआई की समन्वय समिति का गठन किया गया। यह निर्णय हुआ कि स्थानीय उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक स्थाई इंडस्ट्री एडवाइजरी बोर्ड बनाया जाएगा जो पाठ्यक्रम इंटर्नशिप उपकरण अद्यतन और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में अपना मार्गदर्शन एवं सहयोग देगा।

### अन्य संस्थानों का भी सहयोग लेंगे

बैठक के दौरान यह भी सुझाव सामने आया कि संस्थान की ओर से एक प्लेसमेंट ड्राइव चलाई जाए। इसके अलावा कानपुर विश्वविद्यालय, एचबीटीयू, आईआईटी एवं उद्योगों के साथ मिलकर के पाठ्यक्रम को आधुनिक एवं नवीनतम स्तर पर लाया जाए। बेहतर सामंजस्य के लिए सभी आईटीआई स्कूलों के साथ उद्योगों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। हर 3 महीने में एडवाइजरी काउंसिल की बैठक नियमित रूप से हो। इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन हब भी आईटीआई में बनाने का सुझाव दिया गया।

### उद्योगों की वर्तमान जरूरत समझ कर ही पाठ्यक्रम बने

- बैठक में तय हुआ कि उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं को समझ कर ही पाठ्यक्रम का अध्ययतन किया जाएगा। नई तकनीक जैसे प्रथम बुद्धिमत्ता, आईओटी, सीएनसी मशीनिंग, डेटा विश्लेषण आदि को उद्योग प्रतिनिधियों के सहयोग से पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। उद्योगों के सहयोग से अनिवार्य ऑन द जॉब ट्रेनिंग और अप्रेंटिस कार्यक्रम संचालित होगा। एनएपीएस एवं एनएटीएस योजनाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। युवाओं के लिए उद्योगों में स्टूडेंट इंडस्ट्री इंटरफेस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें इंडस्ट्री विजिट के दौरान मिनी प्रोजेक्ट लाइव केस स्टडीज जैसे कार्यक्रमों से छात्रों को वास्तविक उद्योग का अनुभव कराया जाएगा। फीटा के अब्दुल अली ने कहा कि वे 20 छात्रों को कंप्यूटर अपग्रेडेशन का कोर्स अपने संस्थान में कराएंगे। यदि उन सभी छात्रों ने कोर्स की शर्त पूरी की तो उन्हें अपने यहां रोजगार भी देंगे।

# सड़क किनारे खड़े एमआर को पार्सल डंपर ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। महाराजपुर में पार्सल डंपर ने सड़क किनारे बाथरूम कर रहे एमआर को जोरदार टक्कर मार दी। सिर पर गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


पंकज कुमार।

रसूलाबाद के गोपालपुर निवासी परशुराम का 26 वर्षीय बेटा पंकज कुमार ने बीएससी की थी। वह प्रयागराज में ही रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था और एमआर की नौकरी कर रहा था। पंकज की आठ माह पहले ही शादी हुई थी। पिता के अनुसार मंगलवार को पंकज ने प्रयागराज में ही बैंक भर्ती परीक्षा दी थी। इसके बाद अपनी बाइक से घर आ रहा था। महाराजपुर में महेंद्रा शोरूम के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर बाथरूम कर रहा था, तभी पार्सल डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। सिर समेत पूरे शरीर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके पास मिले कागजात के आधार पर परिजनों को हादसे की सूचना दी। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पंकज की पत्नी बेसुध हो गई। महाराजपुर पुलिस के अनुसार आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। डंपर के बारे में पता किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन यात्रियों के मोबाइल चुराने वाले गिरफ्तार

**कानपुर**। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान दो शातिर अपराधी पकड़े जिनके कब्जे में लाखों रुपये कीमत के मोबाइल बरामद हुए। जीआरपी के मुताबिक पकड़े गए चोर संदीप सिंह उर्फ डीजे, नौरंगाबाद अलीगढ़ एवं अमित निषाद उर्फ खूबसूरत, दादानगर है। आरोपियों के पास से 3 मोबाइल बरामद हुए। जीआरपी इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह ने बताया कि दोनों की शातिर अपराधी हैं और विभिन्न जनपदों में इनपर कई मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ट्रेनों में यात्रा करने वाले, प्लेटफार्म पर सो रहे यात्रियों से मोबाइल, पर्स आदि छीन लेते हैं। चेकिंग अभियान में शामिल टीम में उप निरीक्षक अर्पित तिवारी, मोहम्मद खालिद खान, मोहित कुमार शामिल रहे।

## सार-संक्षेप



पारस हेल्थ ने लोगों का स्वास्थ्य जांचा। अमृत विचार

### पारस हेल्थ ने मेगा हेल्थ कैंप लगाया

**कानपुर**। पारस हेल्थ कानपुर ने स्वरूप नगर स्थित आरके देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में मेगा सुपर स्पेशिलिटी हेल्थ कैंप लगाया। इस कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने निशुल्क कंसल्टेशन व डायग्नोस्टिक सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप कंसल्टेशन के साथ-साथ ईसीजी, बीएफआई, शुगर और कोलेस्ट्रॉल जैसी जांचें भी मुफ्त में की गईं। प्रीवेंटिव हेल्थ को बढ़ावा देने के लिए विटामिन विटामिन बी12, थायरॉयड प्रोफाइल जैसी जरूरी जांचों पर 65 प्रतिशत तक छूट दी गई। डायरेक्टर वेंकटेश्वरलु मारपाका ने कहा कि किसी भी गंभीर बीमारी को रोकने का सबसे बेहतर तरीका है उसकी समय रहते पहचान करना। पारस हेल्थ में हम न सिर्फ बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि उन्हें शुरू होने से पहले ही रोकने के लिए कार्य करते हैं। पारस हेल्थ न सिर्फ मेडिकल सेवाएं दे रहा है, बल्कि स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता को भी बढ़ावा दे रहा है।


स्कूल में पुरस्कार व प्रमाणपत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों को मिले पुरस्कार

**कानपुर**। डॉ सोनेलाल पटेल पब्लिक विद्यालय जूही में बुधवार को संस्थापक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में नसीम सोलंकी विधायक (सीसामऊ) की ओर से किया गया। उन्होंने 10वीं व 12वीं मेधावी व विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी व प्रमाणपत्र और मेडल देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की चेयरपर्सन कृष्णा पटेल, पारुल पटेल और विद्यालय की प्रधानाचार्या दिव्या वाखले भी रहीं।

### युवक का शव मिला

**कानपुर**। चकेरी में पीएसी बाइपास हनुमान मंदिर के पास बुधवार दोपहर युवक का शव मिला। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की। लोगों ने बताया कि मंगलवार देर रात युवक शराब के नशे में घूम रहा था। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

# जूनियर रेजिडेंट को पति ने दी जान की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। जीएसवीएम मेडिकल कालेज की महिला डॉक्टर ने डॉक्टर पति पर चाकू दिखाकर जान की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने पीटा।

मूलरूप से बरेली के फरीदपुर निवासी डॉ. नेहा शर्मा के अनुसार वह मौजूदा समय में जीएसवीएम मेडिकल कालेज में जूनियर रेजिडेंट हैं। उनका विवाह एक मई 2023 को बदायूं के बिसौली के रहने वाले डॉ. यथेष्ट मिश्रा से हुआ था। डॉ. नेहा के अनुसार शादी के बाद पति शराब पीकर अक्सर मारपीट करते थे। मारपीट में उनके ससुरालीजन व पति के मामा मनोज साथ देते थे। कुछ दिन बाद ससुरालीजन 10 लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। जनवरी 2024 को उनका बेटा हुआ। उस समय पति रुपयों की मांग करते हुए उसे अस्पताल में ही छोड़ गए।

इसके बाद बीती 17 जून को ससुरालीजन जीएसवीएम मेडिकल कालेज स्थित उनके सरकारी आवास पर आए और बेटे को अगवा करने का प्रयास किया। उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी, इस पर आरोपी भाग निकले। इस घटना के बाद पति ने कई बार फोन कर गाली-गलौज की। वीडियो कॉल कर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता डॉक्टर ने स्वरूपनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वरुपनगर थाना प्रभारी सूर्यबली पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 100 किमी की गति से विशेष मशीनों का टेस्ट



रेलपथ का निरीक्षण करती सीआरएस की टीम। अत्याधुनिक आरबीएमवी मशीन का टेस्ट किया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उच्च तकनीक की दोनों मशीनों का सीआरएस की टीम ने किया ट्रायल

**अमृत विचार**। रेलपथ के नियमित अनुरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने एवं रेल फ्लाई ओवर एवं रोड ओवर ब्रिजों के निचले हिस्सों के बेहतर अनुरक्षण के लिए वरदान अत्याधुनिक 'आरबीएमवी का निरीक्षण किया गया। इन मशीनों से समय व मैनपावर की बचत होगी और रेलवे की कार्यप्रगति को नई दिशा मिलेगी। इन मशीनों का लोको लाइन, कानपुर से रूमा स्टेशन के मध्य 100 किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल रन किया गया। बुधवार को प्रधान मुख्य संरक्षा आयुक्त/पूर्वोत्तर परिमंडल, जनक कुमार गर्ग ने 'आरबीएमवी मशीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, रजनीश अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्फ्रा, नवीन प्रकाश, उप मुख्य यातायात प्रबन्धक/कानपुर आशुतोष सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह के मुताबिक 'आरबीएमवी -2401' मशीन एवं आरबीएमवी -001' मशीन का निरीक्षण किया गया।

**जरा ध्यान दें** | 1 जुलाई 2025 से रेलवे ने किए कुछ बदलाव

# वैष्णो देवी जाने के लिए फर्स्ट एसी में 3720 रु. किराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर से पुरी साधारण डिब्बे का 615 रुपये किराया अपडेट किया गया
- रेलवे ने एसी में 2 पैसे, नान एसी में 1 पैसे किलोमीटर किराया बढ़ाया

- **कानपुर से पुरी :** गाड़ी संख्या 12802 एक्सप्रेस ट्रेन से जाना है तो साधारण कोच का किराया 615 रुपये है।
- **हावड़ा राजधानी :** गाड़ी संख्या 12302 हावड़ा राजधानी में थर्ड एसी 2140 रुपये, तत्काल 2320 रुपये, सेकंड एसी 3060 रुपये, तत्काल 3270 रुपये एवं फर्स्ट एसी के लिए 3715 रुपये देना पड़ेगा।
- **सियालदह राजधानी :** गाड़ी संख्या 12314 सियालदह राजधानी में थर्ड एसी 2140, सेकंड एसी 3030 रुपए, फर्स्ट एसी में 3715 रुपये देना होगा।
- **अजमेर सियालदह :** गाड़ी संख्या 12988 अजमेर सियालदह एक्सप्रेस में स्लीपर 520 रुपये, थर्ड एसी ई कोच 1270 रुपये, थर्ड एसी 1365 रुपये, सेकंड एसी 1940 रुपये और फर्स्ट एसी के लिए 3275 रुपये देना पड़ेंगे।
- **कानपुर से नई दिल्ली :** गाड़ी संख्या 12033 शताब्दी एक्सप्रेस में चेयरकार का किराया 840 रुपये एवं एक्जीक्यूटिव क्लास का 2115 रुपये देना होगा।




**अमृत विचार**। रेलवे ने पहली जुलाई 2025 से किराये में कुछ बदलाव किये हैं। ऑन लाइन टिकट आरक्षण कराने के लिए अब आधारकार्ड भी लगाना होगा। कानपुर से वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाना है तो गाड़ी संख्या 14033 जम्मू मेल में स्लीपर का 570 रुपये, थर्ड एसी ई 1505 रुपये, सेकंड एसी 2170 रुपये, फर्स्ट एसी में 3720 रुपये देने पड़ेंगे।

कानपुर से मुंबईः गाड़ी संख्या 2104 गोरखपुर से एलटीटीई मुंबई एवं गाड़ी संख्या 2108 एलटीटीई सुपरफास्ट ट्रेन में कानपुर से मुंबई का सफर करना है तो स्लीपर में 620 रुपये, थर्ड एसी 1620 रुपये, सेकंड एसी में 2310 रुपये देना होगा।

गाड़ी संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस से मुंबई जाना है तो स्लीपर में 630 रुपये, थर्ड एसी ई 1540 रुपये, थर्ड एसी ए 1640 रुपये, सेकंड एसी 2335 रुपये, फर्स्ट एसी 3940 रुपये देना होगा। गाड़ी संख्या 19038 गोरखपुर से बांद्रा अवध एक्सप्रेस में स्लीपर से 635 रुपये, थर्ड एसी ई 1580 रुपए, थर्ड एसी ए 1685 रुपये, सेकंड एसी 2425 रुपए और फर्स्ट एसी 4090 रुपये देना होगा। गाड़ी संख्या 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस से मुंबई जाना है तो स्लीपर का 620 रुपये, थर्ड एसी 1620 रुपये, सेकंड एसी 2310 रुपये और फर्स्ट एसी में जाना है तो 3865 रुपये देना होगा।

# रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों ने बताईं समस्याएं

**कानपुर**। भाजपा उत्तर की बैठक जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित की अध्यक्षता में उत्तर कार्यालय नवीन मार्केट में हुई। इसमें विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। सरल एप पर उनकी अपलोडिंग में आ रही कुछ तकनीकी समस्याओं और उसके निदान पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने समस्याओं को सुना और निदान भी किया। इसके बाद रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में रेहड़ी पटरी व्यवसायियों ने अपनी समस्याओं को रखा। बैठक में संतोष शुक्ला, अनुराग शर्मा, अवधेश सोनकर, जितेंद्र विश्वकर्मा, जनमेजय सिंह, आकाश शुक्ला, शिवांग मिश्रा, सीमा, रोहित साहू थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि सुकोमल सेन पत्नी सुबोधचन्द सेन हमारे मकान नं.– SS1/394 से.D1, L.D.A. कालोनी कानपुर रोड लखनऊ रकबा 36.75 Sq. मीटर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं मुख्तारनामा 4/10/1989 का क्रम सं. 1349 वास्तव में खो गया है, जिसका प्रयोग अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध माना जाये।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं JUHI UPADDHYAY पुत्री SATYA DEV UPADHAYAY निवासी निकट नशरा कैंपस लेखराज चौराहा जी 86 संजय गांधी पुरम इंदिरा नगर लखनऊ की रहने वाली हूं। मैंने अपना नाम बदलकर JUHI UPADHYAY रख लिया है। अब भविष्य में मैं अपने इसी नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

**सूचना**
मैं राज कुमार कसौंधन पुत्र स्व0 कृष्णा प्रसाद कसौंधन निवासी म0 नं0 – 180 खोवामण्डी शाहगंज थाना कोतवाली नगर परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद सुलतानपुर। मैंने दिनांक 25/06/2025 को जनपद सुलतानपुर में एक बैनामा जो कि जो मेरे नाम से था जिसकी पुस्तक संख्या 2 क्रमांक 230 पृष्ठ संख्या 51–72 क्रम संख्या 5987 दिनांक 16 /12/2002 कहीं खो गया है।

**सूचना**
मेरा पुत्र नरेन्द्र सिंह और पुत्रवधू मंजू यादव का चाल चलन खराब होने के कारण मैंने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे कोई लेन–देन तथा मुकदमेबाजी करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **फूलश्री पत्नी रामनरेश निवासी– सरैया चुंगी सैनिक विहार कालोनी, इटावा।**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
पहले मेरा नाम : PRABHAT KUMAR KHARE था से बदलकर PRABHAT KHARE रख लिया है। अब मुझे PRABHAT KHARE के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SUDHIR KHARE FLAT NO-303 BCC GRAVITY APARTMENT TIKAIT GANJ MOHAN ROAD LUCKNOW - 226017

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र रोल नंबर 2720960 वर्ष 2019 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 217175615 वर्ष 2021 वास्तव में खो गया है। **मनोज कुमार पुत्र घनश्याम निवासी नौवनपुरवा अरनवा, थाना खैरीघाट जिला बहराइच।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने तीसरे पुत्र राघवेन्द्र कुमार मिश्र के खराब चाल चलन, आये दिन मुझसे व परिवार वालों से लड़ाई–झगड़ा करने, अपराधिक व घृणित कृत्यों में लिप्त रहने एवं मुझे शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से कष्ट पहुंचाने के कारण विवश होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये अपराधिक कुकृत्यों व घृणित कार्यों से मेरा व मेरे परिवार तथा रिश्तेदारों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। **सत्यनरायन मिश्र पुत्र हनुमंत बलि साकिन बेहड़ा बैरिया पोस्ट कोड़हा थाना बौण्डी जिला बहराइच।**

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है ।

| 32.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 20 | सूर्यास्त 07 : 06 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# चार घंटे में पोस्टमार्टम का आदेश, 12 घंटे इंतजार

- स्वास्थ्य मंत्री के आदेश का पालन नहीं, दोनों ड्यूटी डॉक्टर आए ही नहीं
- सुबह 8 से शाम 4 बजे तक परेशान रहे परिजन डॉक्टरों पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चार घंटे में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपने का स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक का आदेश पुलिस और डॉक्टरों की लापरवाही से हवा में है। परिजनों को 12-12 घंटे तक पोस्टमार्टम में बैठकर इंतजार करना पड़ा रहा है। बुधवार को उर्सला के दो डॉक्टरों की ड्यूटी पोस्टमार्टम में थी, लेकिन शाम चार बजे तक दोनों डॉक्टर नहीं आए। पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ. नवनीत चौधरी ने दोपहर दो बजे तक अकेले छह शवों का पोस्टमार्टम किया। सुबह से पोस्टमार्टम हाउस में बैठे परिजनों ने जमकर नाराजगी जताई।

उर्सला के डा. सपन गुप्ता और डा. वीकेएस कटियार की ड्यूटी बुधवार को पोस्टमार्टम में लगाई गई थी, लेकिन दोनों डॉक्टर दोपहर तक बाद तक नहीं आए। पोस्टमार्टम हाउस में दोपहर तक 11 शव रखे थे और उनके परिजन परेशान थे। महराजपुर के कुलगांव के पास हादसे में मृत पंकज कुमार के परिजनों ने बताया कि सुबह आठ बजे से बैठे हैं। दोपहर का दो बजा है और अभी भी इंतजार करने को कहा जा रहा है।


पोस्टमार्टम हाउस पर सुबह से इंतजार में बैठे परिजन। अमृत विचार

### घंटों देरी से मिलता है पंचनामा

*पुलिस की ओर से भरा जाने वाला पंचनामा भी पोस्टमार्टम हाउस पर 10 से 12 घंटे देरी से पहुंचता है। सचेंडी में मंगलवार रात को हादसे में युवक की मौत हुई थी। जिसका पंचनामा बुधवार को दोपहर में आया है, जबकि शव रात से ही पोस्टमार्टम हाउस में था।*

डिप्टी सीएम ने अभी हाल में ही निर्देश दिया है कि चार घंटे में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया जाए। लेकिन कुछ लापरवाही के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा है।

**डॉ. नवनीत चौधरी, पोस्टमार्टम प्रभारी**

### जिलाधिकारी से की डॉक्टरों की शिकायत

- रसूलाबाद से जिला पंचायत सदस्य जगदेव कुरील ने बताया कि उनके गांव का पंकज हादसे का शिकार हो गया था। वह सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए थे। बार-बार डॉक्टर के न आने की बात बताई गई तो उन्होंने सीएमओ डॉ. उदयनाथ को कई बार फोन मिलाया, लेकिन फोन नहीं उठा। उसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से शिकायत की है।



Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## एक नजर

### चिड़ियाघर में कन्हैया निदेशक बने

**कानपुर।** कानपुर चिड़ियाघर के निदेशक महावीर जी का ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह कन्हैया पटेल को चिड़ियाघर का नया निदेशक बनाया गया है। गुरुवार को वे चार्ज संभालेंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कानपुर।** जूही में धुबियाना निवासी 29 वर्षीय राहुल कनौजिया ने मंगलवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे पुलिस प्रेम प्रसंग का कारण बता रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। जूही थाना प्रभारी ने बताया कि राहुल ने मंगलवार रात को आत्महत्या करने का प्रयास किया था। परिजन उसे फंदे से उतारकर हैलट ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए थे, इलाकाई लोगों की सूचना पर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### युवती ने दबंगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी में युवती ने दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्यामनगर के रामपुरम निवासी दीपाली विश्नोई के अनुसार उसके पिता की मौत के बाद वह वृद्ध मां के साथ पिता का व्यवसाय देख रही है। आरोप है कि उसके मकान पर दबंग लक्ष्मी शंकर, मुन्ना मुस्लिम, राहुल गुप्ता व श्रवण कुमार कब्जा करना चाहते है। 17 जून को वह दुकान जा रही थी, तभी आरोपियों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज की। कहा, मकान खाली कर दो। इसी बीच पुलिस को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से की। उनके आदेश पर चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर कर जांच शुरू की है।

### गंगा बैराज पर अपस्ट्रीम पर 112.600 मीटर दर्ज किया गया जलस्तर, आने वाले दिनों में और बढ़ेगा पानी

# नरोरा से खूब आ रहा पानी बैराज के 15 गेट खोले गए

**भारी बारिश का असर**


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में गंगा नदी का स्वरूप तेजी से बढ़ने लगा है। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही भारी बारिश की वजह से हरिद्वार और नरोरा से बढ़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे गंगा बैराज पर तेजी से पानी आ रहा है। बुधवार को नरोरा से 1.16 लाख क्यूसेक पानी आया जिसकी वजह से गंगा बैराज से 24 हजार क्यूसेक से अधिक पानी आगे छोड़ा गया है। जिससे बैराज पर अप स्ट्रीम में 112.600 मीटर पहुंच गया वहीं डाउन स्ट्रीम में भी 111.36 मीटर पर पानी आ गया है। तेजी से आ रहे पानी की वजह से गंगा बैराज के 15 गेट खोल दिए गए। जिससे बहाव बढ़ने के साथ ही शहर के घाटों पर पानी बढ़ रहा है।

बैराज के गेट खोलने के बाद आस-पास बसे गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को हरिद्वार से 61 हजार तो नरोरा से 1.16 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। अनुमान है कि 4 जुलाई तक गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु यानी 113 मीटर तक पहुंच सकता है। इससे पहले मंगलवार को 14 गेट खोले गए थे। पानी के बहाव को देखते हुए एक गेट और खोला गया है। अगर जलस्तर चेतावनी बिंदु पार करता है तो और गेट खोले जाएंगे ताकि पानी का बहाव नियंत्रित किया जा सके। वहीं, गंगा बैराज स्थित बोट क्लब पर प्रशासन ने 16 अक्टूबर तक बोटिंग पर रोक लगा दी है।

बोट क्लब के सचिव नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक का समय वर्षाकाल घोषित किया गया है, और इस दौरान बोटिंग प्रतिबंधित रहती है। यह फैसला आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि गंगा किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं और बच्चों को जलधारा से दूर रखें।


गंगा का जलस्तर शहर में तेजी से बढ़ रहा है। अमृत विचार


अभी चेतावनी बिंदु से नीचे है पानी। अमृत विचार

**1.16** लाख क्यूसेक पानी आया बुधवार को नरोरा से

**24** हजार क्यूसेक से अधिक पानी आगे छोड़ा गया

**04** जुलाई तक चेतावनी बिंदु तक जलस्तर पहुंच सकता

**16** अक्टूबर तक बोटिंग पर रोक लगा दी गई

### 02 जुलाई शाम तक गंगा का जलस्तर

गंगा की हालत

| | |
|---|---|
| अप स्ट्रीम में पानी | 112 .60मीटर |
| डाउन स्ट्रीम | 111 .36मीटर |
| शुक्लागंज | 109 .47 मीटर |
| हरिद्वार से छोड़ा गया पानी | 61346 क्यूसेक |
| नरोरा से छोड़ा गया पानी | 116512 क्यूसेक |
| कानपुर से छोड़ा गया पानी | 24963 क्यूसेक |

### बाढ़ आने पर इन इलाकों में भरता है पानी

गंगा नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम पंचायत लोधवा खेड़ा के चौनपुरवा, धारमखेड़ा, देवनीपुरवा, नई बस्ती, मंगलपुरवा बड़ा, मंगलपुरवा छोटा, पहाड़ीपुर, कटरी शंकरपुर सराय ग्राम पंचायत के ग्राम गंगा बैराज नई बस्ती, नत्थापुरवा, रामनिहालपुर, मेघनपुरवा, कल्लूपुरवा और कच्ची मड़ैया बाढ़ से घिर जाता है। शहर के उत्तरी भाग में मकड़ीखेड़ा, सरस्वती विहार, गुप्ता सोसाइटी, वसुधा विहार और नवाबगंज से सटे कई मोहल्लों में भारी जलभराव होता है। इस वजह से भी लोग घरों को छोड़कर पलायन करने लगते हैं।

# एक वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रम में प्रवेश शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में एलएलएम के प्रवेश शुरू हो गए हैं। यह प्रवेश मेरिट के आधार पर 120 सीटों के लिए होंगे। उधर विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि में भी इजाफा किया गया है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एक वर्षीय एलएलएम (मास्टर इन लॉ) पाठ्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इसे राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों एवं दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख विधि संस्थानों की तर्ज पर डिज़ाइन किया गया है। विभाग के निदेशक डॉ. पंकज द्विवेदी ने बताया कि यह पाठ्यक्रम समकालीन कानूनी शिक्षा की मांगों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस एक वर्षीय एलएलएम प्रोग्राम में प्रमुख स्पेशलाइजेशन कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, इंटरनेशनल लॉ और कांस्टिट्यूशनल लॉ की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह पाठ्यक्रम शोध-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देगा तथा विद्यार्थियों को न्यायिक सेवाओं, अकादमिक क्षेत्र एवं शोध संस्थानों में भविष्य निर्माण का अवसर प्रदान करेगा। इस कोर्स में प्रवेश के लिए पात्रता किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक की डिग्री होना अनिवार्य है। इस कोर्स में कुल 120 सीटों पर मेरिट के आधार प्रवेश होगा और कोर्स की फीस 1 लाख 45 हजार होगी। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से मेरिट आधारित होगी। इसके अलावा चयन विधि में स्नातक की डिग्री में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। इसी के साथ अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में वर्तमान में एलएलबी (तीन वर्षीय पाठ्यक्रम), बीए एलएलबी (पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम), बीबीए एलएलबी (पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम) एलएलएम. (दो वर्षीय पाठ्यक्रम) तथा विधि में पीएचडी भी पहले से संचालित हो रहे हैं।




- 120 सीटों पर मेरिट के आधार प्रवेश होगा युवाओं का

### पीएचडी में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की ओर से पीएचडी सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 9 जून से आमंत्रित किए गए थे। जिसकी अंतिम तिथि पूर्व में 30 जून निर्धारित की गई थी। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 5 जुलाई कर दिया गया है।

# डीएम ने नेत्रहीन को वापस दिलाई जमीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के जनता दर्शन में कल्याणपुर की नेत्रहीन महिला पम्मी ने गुहार लगाई कि तीस साल पहले पिता ने जमीन खरीदी थी लेकिन भूमि पर आज तक रकबे का अधिकार नहीं मिला। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को मौके पर भेजा और अवैध कब्जा खाली कराकर नेत्रहीन को कब्जा दिलाया।

30 जून को जिलाधिकारी के जनता दर्शन में नेत्रहीन दिव्यांग महिला पम्मी निवासी बैरीखेड़ा, बिठूर रोड, कल्याणपुर ने अपनी शिकायत की थी। पीड़ित के अनुसार उनके पिता ने लगभग तीस वर्ष पूर्व ग्राम बैरी अकबरपुर बांगर, तहसील सदर स्थित गाटा संख्या 909, रकबा 0.0330 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी लेकिन वर्तमान में उस भूमि के एक बड़े हिस्से पर पास-पड़ोस के लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। कागजों में दर्ज रकबे के अनुसार उन्हें अपनी पूरी जमीन नहीं मिल रही। पीड़ित ने जिलाधिकारी को बताया कि वे नेत्रहीन हैं और उनके भाई को हृदय संबंधी गंभीर बीमारी है। परिवार का गुजारा मुश्किल से हो रहा है। ऐसे में उनकी जमीन ही उनके जीवन का एकमात्र सहारा है, जिस पर दुकान बनाकर गुजारा करने की योजना है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से लिया और एसडीएम सदर को मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उनके निर्देश पर एसडीएम सदर अविचल प्रताप सिंह तथा तहसीलदार विनय द्विवेदी ने 2 जुलाई को राजस्व टीम के साथ ग्राम बैरी अकबरपुर बांगर पहुंचकर गाटा संख्या 909 का स्थलीय निरीक्षण किया और अवैध कब्जेदारों को हटाकर पम्मी को नियमानुसार पूर्ण रकबे पर कब्जा दिलाया। साथ ही अवैध कब्जा करने वालों को चेतावनी भी दी गई।


डीएम जितेंद्र प्रताप सिहं।

- जनता दर्शन में नेत्रहीन ने लगाई थी कब्जा हटाने की गुहार
- एसडीएम मौके पर पहुंचे और पीड़ित को इंसाफ दिलाया


धार को रोकने के लिए बोरी लगानी पड़ी।

# वॉल्व फटने से छूटा फौव्वारा, एक घंटा बहा पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा बैराज से आने वाली मेन राइजिंग लाइन के एयर वॉल्व की मरम्मत के दौरान बुधवार को फौव्वारा छूट पड़ा। वाल्व फटने से वाटर लाइन से 10 फीट ऊंची पानी की धारा निकल पड़ी। करीब एक घंटे तक पानी सड़क पर बहता रहा, जिससे आसपास के इलाके में लोगों के घरों में पानी भर गया। जलनिगम को सूचना मिलने पर गंगा बैराज से वाटर सप्लाई बंद कराई गई और वॉल्व की मरम्मत का काम शुरू किया गया। दोपहर 1 बजे जलापूर्ति सुचारू हो गई।

शहर में जलापूर्ति करने के लिए गंगा बैराज पंपिंग स्टेशन से बेनाझाबर स्थित जलकल में रॉ वॉटर सप्लाई किया जाता है। बेनाझाबर में पानी के ट्रीटमेंट के बाद शहर में जलापूर्ति होती है। बुधवार को नवाबगंज, विष्णुपुरी स्थित मोतीलाल खेड़िया स्कूल के पास लगा एयर वॉल्व की मरम्मत की जा रही थी। पिछले कई दिनों से यहां पानी का धीरे-धीरे रिसाव हो रहा था। नट में जंग लगी थी जो खुल नहीं रहे थे, अचानक मरम्मत के दौरान वॉल्व फट गया। जिससे पानी की धार निकल पड़ी। एयर वॉल्व फटते ही करीब 10 फीट ऊंची पानी की फव्वारा फूट पड़ा। जिससे आसपास का इलाका जलमग्न हो गया। जलभराव होने के नवाबगंज में लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक पानी बहता रहा, जिसके बाद गंगा बैराज पंपिंग स्टेशन से पानी की सप्लाई बंद की गई। जल निगम के अधिशासी अभियंता, जेई मौके पर पहुंचे और मरम्मत का काम शुरू कराया। जलनिगम के अधिशाषी अभियंता राहुल तिवारी ने बताया कि 1 बजे मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया और पेयजल सप्लाई शुरू हो गई।


वाल्व फटने से वाटर लाइन से 10 फीट ऊंची पानी की धारा निकल पड़ी। अमृत विचार

### विष्णुपुरी में बाजार में भी फटी पेयजल लाइन

- **कानपुर।** विष्णुपुरी बाजार में भी बुधवार को कार्य के दौरान जल निगम की पाइप लाइन फट गई। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक जल निगम द्वारा गड्ढा खोदा जा रहा था जिससे पाइप लाइन फट गई। पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी बहता रहा। देर शाम तक पाइप लाइन का लीकेज ठीक नहीं हो सका।

**लापरवाही** यूपीपीसीबी अधिकारियों को निरीक्षण में गंगा में बहता मिला गंदा पानी, कंपनी को फिर चेतावनी

# जून में तीन बार बहाया गंगा में सीवेज, कंपनी ने नहीं चलाया जनरेटर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा में सीवेज को लगातार गिराया जा रहा है। यूपीपीसीबी की टीम ने जून महीने में ही तीन बार निरीक्षण के दौरान जाजमऊ स्थित 130 व 43 एमएलडी एसटीपी से सीवेज गंगा में गिरता पाया है। जिसके बाद जलनिगम ने एसटीपी का संचालन कर रही कंपनी केआरएमपीएल पर एक बार फिर से 9.33 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एसटीपी से ओवरफ्लो कर गंगा नदी में सीवेज गिरता रहा, लेकिन कंपनी ने जनरेटर नहीं चलाया। इस मामले में जलनिगम ने कार्रवाई कर यूपीपीसीबी को भी जानकारी दी है।

यूपीपीसीबी के अधिकारियों ने 12 जून, 18 जून और 23 जून को जाजमऊ में स्थित सीएसपीएस, 130 एवं 43 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सीएसपीएस, 130 एवं 43 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ से अशोधित सीवेज ओवरफ्लो होकर बाईपास लाइन के माध्यम से सीधे गंगा नदी में निस्तारित होता पाया। जाजमऊ स्थित सीएसपीएस, 130 और 43 एमएलडी एसटीपी का संचालन एवं देखरेख का कार्य मेसर्स केआरएमपीएल कानपुर द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान केस्को द्वारा विद्युत आपूर्ति न होने के दौरान फर्म ने डीजी सेट का संचालन नहीं किया। जिसके चलते अशोधित सीवेज ओवरफ्लो होकर बाईपास लाइन के माध्यम से सीधे गंगा नदी में गिरता रहा। यूपीपीसीबी ने पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया गया फिर भी कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गयी। इसके चलते जलनिगम ने केआरएमपीएल पर 9,33,503 रुपये की पेनाल्टी लगाई है। जलनिगम के परियोजना प्रबंधक मोहित चक ने बताया कि फर्म के भुगतान से पेनाल्टी की कटौती की जाएगी।


भगवतदास घाट से गंगा में जा रहा है नाला। अमृत विचार

**9.33** लाख रुपये का दिया नोटिस, सीवेज ओवर फ्लो होकर सीधे गंगा नदी में प्रवाहित होता मिला

### परमट पर अतिरिक्त वाल्व लगाया गया

- पिछले दिनों परमट स्थित गेटवाल्व के लीकेज की मरम्मत के दौरान खोले गए गेटवाल्व से 0 .38 एमएलडी घरों का सीवेज गंगा नदी में गया था। इस मामले में जलनिगम ने स्लूस वाल्व की मरम्मत करा दी है। इसके साथ ही स्थायी निदान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में एक अतिरिक्त स्लूस वाल्व स्थापित किया है। जिससे सीवेज गंगा नदी में न जा सके।

# सड़क पर खड़ी बसों का चालान टीएसआई से भिड़ गए चालक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


टीएसआई से बहस करते रोडवेज चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा के बाहर बसें खड़ी करके सवारी बैठाने पर टीएसआई ने चालान किया। इस पर बस चालक भड़क गए और बसों का चक्का जाम करने की धमकी दे डाली लेकिन टीएसआई पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

झकरकटी पुराने पुल पर दिनरात दर्जनों बसें सड़क पर ही खड़ी रहती हैं जिससे टाटमिल तक जाम लगा रहता है। बुधवार को टीएसआई प्रेम कुमार मिश्रा ट्रैफिक होमगार्ड के साथ पुल पर पहुंचे और बसों को खदेड़ना शुरू कर दिया। अपराह्न साढ़े तीन बजे प्रयागराज की एक जनरथ बस ने गलत दिशा से होते हुए बस अड्डा के अंदर से सड़क पर निकलने की कोशिश की तो टीएसआई बस का चालान करने लगे। काफी देर तक टीएसआई बस का नंबर अपने मोबाइल में कैद करने की कोशिश करते रहे लेकिन चालक और परिचालक बस के नंबर प्लेट को छुपाकर खड़े रहे। चालक ने टीएसआई को धमकी दी कि वह रोडवेज यूनियन वालों को फोन करने जा रहा है, एआरएम को भी बुला रहे और बसों का चक्का जाम करेंगे। टीएसआई ने कहा कि चक्का जाम करने से कुछ नहीं होगा। बस अड्डा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी का कहना है कि बसों को व्यवस्थित करने के लिए टीम लगाई गई है।

- **बस अड्डे के बाहर बसें खड़ी करके भरते सवारी तो लगता जाम**
- **झकरकटी में बसों की अराजकता पर कसा शिकंजा**

## कलश यात्रा निकली

**कानपुर।** ईश्वर प्रेम आश्रम, केशव नगर से कथा व्यास प्रेमजी के मार्गदर्शन में कलश यात्रा निकली गई। यह यात्रा कल्याणेश्वर मंदिर, रामेष्ट धाम, सर्वेश्वर महादेव मंदिर, आदि मंदिरों से होते हुए ईश्वर प्रेम आश्रम में पहुंची। बताया गया कि यात्रा के बाद भागवत कथा ईश्वर प्रेम आश्रम में 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 जुलाई को हवन और भंडारा के साथ सम्पूर्ण होगी। कलश यात्रा में क्षेत्रीय महिलाएं सर पर कलश लेकर व पुरुष पीले परिधान में चल रहे थे। वाहन में भगवा झंडा कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। यात्रा में प्रमुख रूप से ज्योति गुप्ता, सरिता गुप्ता, नीता गुप्ता, पिंकी त्रिवेदी, सीता गुप्ता, सविता सिंघल, श्वेता शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## हामिद हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कानपुर।** हामिद हॉस्पिटल तलाक महल में निःशुल्क स्वास्थ शिविर लगाया गया जिसमें वरिष्ठ सर्जन डॉ. गयासुद्दीन मोहम्मद ने 58 रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टर ने 10 से अधिक रोगियों को चयनित किया जिनका लेजर से बिना आपरेशन इलाज किया होगा। संचालन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मुबारक अली ने किया। डॉ. हलीमुल्लाह खां, मोहम्मद हसीब आदि मौजूद थे।

## आनंदेश्वर कॉरिडोर का घटिया काम








ये तस्वीरें शहर में कराए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता की हकीकत और भ्रष्टाचार को उजागर करती हैं। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कराए गए विकास कार्य आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर प्रथम चरण का हाल बेहाल है। पॉथ-वे में पत्थर उखड़ कर टूट गए हैं, मुख्य द्वार के निकट सड़क पर टूटा लोहे का पाइप राहगीरों के लिए दुर्घटना का कारण बना है। स्मार्ट सिटी का ग्लो-साइन बोर्ड टूटा हुआ जमीन पर पड़ा है। सड़क के किनारे से गुजर रहा टेफ्को नाला खुला है, जिसकी जाली का पता नही है। अभी तो कॉरिडोर का कार्य पूर्ण भी नही हुआ है, लोकार्पण की बात तो बहुत दूर है, तब यह हाल है तो आगे क्या होगा।

– मनोज तिवारी

# जेके कॉटन मिल बंद, फिर भी भेज रहे गृहकर

## यह मिल 2018 से पूर्ण रूप से बंद चल रही, जीआईएस सर्वे में 15 गुना तक वार्षिक कर बढ़ा दिया गया

एक्सक्लूसिव

अभिषेक वर्मा, कानपुर



कालपी रोड पर जेके कॉटन लि. का परिसर है, जिसका नाम बदल दिया गया है।

**अमृत विचार।** शहर में कभी मशहूर रही जेके कॉटन मिल नगर निगम के गृहकर बिल से परेशान है। मिल के अधिकारियों ने मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन से कहा है कि नगर निगम गृहकर का बिल भेजकर मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। जेके कॉटन मिल 2018 में पूर्ण रूप से बंद होने के बाद भी नगर निगम गृहकर भेज रहा है। जीआईएस सर्वे में 15 गुना तक वार्षिक कर बढ़ा दिया। अधिकारियों ने दावा किया कि मिल में कोई कवर्ड एरिया नहीं है इसके बावजूद बिल भेजा जा रहा है। जिससे निजात दिलाने की बात की है।

नगर निगम के बढ़े और बिना सर्वे किए भेजे जा रहे बिलों से क्या आम खास भी बहुत परेशान हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सर्वे में गड़बड़ी का खामियाजा नगर निगम सीमांत क्षेत्र से जुड़ी बड़ी आबादी झेल रही है। शासन की ओर से नामित कंपनी आईटीआई लिमिटेड ने जो डाटा नगर निगम को दिया, उसके हिसाब से बढ़कर बिल आ रहा है। इसे ठीक कराने के लिए लोग चक्कर काट रहे हैं लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। शहर में अपने नाम से जानी जाने वाली जेके कॉटन मिल भी इस विसंगती से परेशान है।

कालपी रोड पर 84/37 में जेके कॉटन का परिसर है। मिल के मालिकों का दावा है कि परिसर में स्थापित कॉटन मिल 3 फरवरी 2018 को पूरी तरह बन्द हो चुकी है जिसकी सूचना नगर निगम को 05 फरवरी 2018 को पत्र द्वारा दी जा चुकी है। इसके बाद भी 20 मई 2025 को 29 लाख 72 हजार 124 रुपये का बकाया भेज दिया। जिसमें व वर्तमान वर्ष का बकाया कर 23 लाख 95 हजार 621 दर्शाया गया है।

- **मिल में कोई कवर्ड एरिया भी नहीं, इसके बावजूद बिल भेजा जा रहा, की शिकायत**

### जीआईएस सर्वे एक नजर में

- 352635 पहले संपति से दर्ज
- 271751 नई संपत्तियां मिलीं
- 624386 कुल संपत्तियां हो गईं

बिलों में गड़बड़ी की शिकायतें आई हैं। जेके कॉटन प्रकरण संबंधी मामले में जोनल को जांच के निर्देश दिए हैं। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए छह जोन के कार्यालयों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। क्षेत्र के पार्षदों को भी शिविर में मौजूद रहने के लिए कहा है।

– सुधीर कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम

### वार्षिक कर बढ़ा

- जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लि. (पूर्व में जकेके कॉटन लिमिटेड) के अधिकृत अधिकारियों ने मंडलायुक्त को पत्र भेजकर बताया है कि जीआईएस सर्वेक्षण के अन्तर्गत एकतरफा कर निर्धारण किया गया। जहां पहले वार्षिक मूल्य 93,66,089 रुपये था वह अब 15 गुना बढ़ाकर 15,970,806 रुपये कर दिया गया। एक तरफ मिल के बन्द होने की सूचना व भूमि उपयोग को कर निर्धारण करने में कोई विचार नहीं किया गया और अब बिना कोई सुनवाई का अवसर दिये दिनांक 2022 से जीआईएस को आधार बनाकर कर निर्धारण कर बिल जारी कर दिया गया है जो स्वीकार नहीं है।

### एक लाख नए घरों को वसूली का नोटिस

- नगर निगम ने जीआईएस सर्वे के दौरान चिह्नित नई संपत्तियों को नोटिस देना शुरू किया है। एक लाख नए घरों से भी गृहकर वसूलने के लिए नोटिस दी गई है। नगर निगम सीमांत क्षेत्र में कुल 110 वार्ड हैं। खास बात यह कि नगर निगम में 75 राजस्व निरीक्षक तैनात हैं, इसके बाद भी लोगों को गड़बड़ बिलों को ठीक कराने के लिए दौड़ लगानी पड़ रही है। पीड़ितों का आरोप है कि वार्ड कार्यालयों में राजस्व निरीक्षक मिलते ही नहीं हैं।

### अधिकांश भाग जर्जर होकर गिर चुका

- कंपनी के अधिकारियों ने कहा है कि परिसर में कोई भी औद्योगिक, व्यवसायिक, आवासीय गतिविधि नहीं हो रही है। फैक्ट्री का अधिकांश भाग जर्जर होकर गिर चुका है। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा वर्ष 2022 में निरीक्षण किया जा चुका है। लेकिन, उसके बावजूद अर्नगल बिल बनाकर भेजा गया है। इसलिए बिल को निरस्त करते हुये, सही भू-उपयोग के आधार पर संशोधित बिल दें। जीआईएस के आधार पर किये गये सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रति हमें भी उपलब्ध कराएं। वास्तविक तथ्यों के आधार पर कर निर्धारण किया जाए। कंपनी के सीनियर वाईस प्रेसीडेंट संजय दुबे ने पूर्व में जोनल अधिकारी जोन 5 नगर निगम को 26 जुलाई 2024 को भी पत्र भजा था और परिसर को सम्पत्ति कर से मुक्त करने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि 2024-25 में कर का भुगतान भी किया और सर्वे कराने की मांग की। लेकिन, कंपनी के अधिकारियों के अनुसार नगर निगम ने एक न सुनी और गलत बिल फिर भेज दिया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक का मोबाइल हैक कर 3.24 लाख रु. निकाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त शिक्षका का मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्ड से 3.24 लाख रुपये पार कर दिए। चार बार में रुपये निकलने का मैसेज आने पर पीड़ित ने पहले अपना कार्ड ब्लॉक कराया। इसके बाद रेलबाजार पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच-पड़ताल शुरू की है।

खपरा मोहाल निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रवि प्रकाश पांडेय ने बताया कि 13 मई की रात करीब आठ बजे साइबर ठगों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया था। तीन अनजान मोबइल नंबरों से उन्हें फर्जी एपीके फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से चार बार में 3.24 लाख रुपये कट गए। पीड़ित ने डी-मार्ट एप्लीकेशन और फिशिंग लिंक पर हैकिंग का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हैकर ने पहले उनकी निजी और बैंक की जानकारी ली। इसके बाद तीन अलग-अलग नंबर व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजी। जिसमें डी-मार्ट से सामान खरीदने का ऑफर दिया गया। उन्होंने जैसे ही फाइल डाउनलोड की उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद साइबर ठगों ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्रेडिट कार्ड से चार बार में 3.24 लाख रुपये उड़ाए। मोबाइल का हैक समाप्त होने पर पैसे कटने का चार मैसेज आया। इस पर उन्होंने बैंक को सूचना देकर ट्रांजैक्शन डिस्प्यूट कराया। इसके बाद क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराया। रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

- **व्हाट्सएप पर भेजी एपीके फाइल डाउनलोड करते ही हैक हुआ मोबाइल**



www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## मेडिकल स्टोर के काउंटर से 20 हजार की चोरी

- **कानपुर।** चकेरी के सनिगवां स्थित मेडिकल स्टोर के काउंटर से चोर दिनदहाड़े 20 हजार रुपये लेकर चंपत हो गया। दुकान मालिक ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो संदिग्ध कैद दिखा। शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। सुजातगंज निवासी मोहम्मद यूनुस की सनिगवां 60 फीट रोड चिश्तीनगर में न्यू पापुलर मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। यूनुस के अनुसार मेडिकल स्टोर में ओपीडी भी चलती है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा अदनान ने बाबूपुरवा में दुकान खोली है, तब से वह अकेले ही बैठते है। रोज की तरह बुधवार सुबह नौ बजे दुकान खोली। आधे घंटे बाद एक युवक आया। जब वह किसी काम से दुकान के अंदर गए तो युवक काउंटर से 20 हजार रुपये चोरी कर भाग गया। पैसे गायब देख उन्होंने सीसीटीवी चेक किया तो पूरी घटना कैद मिली। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि कारवाई की जाएगी।



पद यात्रा में संस्था के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

## सनातन एकता के लिए पदयात्रा

**कानपुर।** बागेश्वर धाम शिष्य मण्डल कानपुर और लखनऊ द्वारा सनातन हित एकता के लिए शहर से बागेश्वर धाम पीठ तक 500 सदस्यों के साथ पद यात्रा निकाली। श्री गुरु सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष अनुराग तिवारी गौरव गुप्ता, कपिल अग्निहोत्री, कमल मिश्रा, अमन मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, सत्येन्द्र त्रिपाठी, राजीव शुक्ला थे।

# बीमार वृद्ध का सहारा बना वानर सेना का देवदूत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी निवासी एक बीमार वृद्ध पेट में भीषण दर्द की शिकायत पर नारायणा मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेंटर पहुंचे तो उनके साथ कोई तीमारदार न देख भर्ती करने में समस्या आ गई। वहां मौजूद देवदूत वानर सेना के दूत मुन्ना सिंह चौहान ने उन्हें गले लगाया और तीमारदारी का जिम्मा लेते हुए भर्ती कराया।

- **तीमारदारी का जिम्मा लेकर अस्पताल में भर्ती कराया**
- **वृद्ध की तीन विवाहित बेटियां पर तीमारदारी को कोई नहीं**

मुन्ना सिंह चौहान ने बताया कि सचेंडी निवासी बीमार वृद्ध बृजलाल को डॉक्टरों ने ओपीडी पर्चे पर अस्पताल में भर्ती होने के लिए अनुमोदन किया लेकिन उनके पास कोई तीमारदार नहीं था। यह पता चलने पर उन्होंने तीमारदारी का जिम्मा लिया। वृद्ध फूट-फूटकर रोने लगे। वृद्ध को रोते देख मजमा लग गया और अस्पताल स्टाफ ने उन्हें समझाया और देवदूत वानर सेना के बारे में बताया। कहा कि दादा आप भर्ती हो जाओ, मुन्ना हर बेसहारा का सहारा हैं। वृद्ध ने बताया कि उनके तीन ब्याहता बेटी हैं जो अपने परिवार में व्यस्तता के कारण आने में असमर्थ हैं। भाई-भतीजे भी हैं लेकिन उनकी देखरेख करने का समय उनके पास नहीं है। मुन्ना के अनुसार अस्पताल ने वृद्ध का मुफ्त इलाज अनुमोदित कर दिया है। डॉक्टरों ने चेकअप करके इलाज शुरू कर दिया है। अस्पताल प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मुन्ना अस्पताल में एक दर्जन से ज्यादा बेसहारा मरीजों का मुफ्त में इलाज करवा चुके हैं।

मोहर्रम

परेड से उठा राईनी बिरादरी का अलम जुलूस, बच्चों ने किया लंगर

# ग्वालटोली से निकला हजरत अली असगर का झूला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





परेड से निकला राईनी बिरादरी का अलम जुलूस। झूला हजरत अली असगर अंजुमन फिरदौसिया के तत्वावधान में शिया जामा मस्जिद ग्वालटोली से उठाया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करबला के मैदान में शहीद हुए छह माह के नन्हें मुजाहिद हजरत अली असगर का झूला जुलूस मकबरा ग्वालटोली से उठाया गया, वहीं पटकापुर स्थित इमाम बारगाह नवाब पप्पू मिर्जा से हजरत अली अकबर का शबीहे ताबूत निकला तो लोगों अपने आंसू नहीं रोक पाए।

बुधवार को अंजुमन फिरदौसिया की ओर से ग्वालटोली मकबरा शिया जामा मस्जिद से कर्बला के नन्हें मुजाहिद हजरत अली असगर का जुलूसे झूला निकाला। अंजुमन के महामंत्री तालिब सज्जादी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इससे पूर्व मजलिस को मौलाना सैयद तौकीर हुसैन ने नन्हें अली असगर पर किए गये जुल्म की दास्तान सुनाई तो लोग दहाड़े मारकर रोने लगे। मजलिस के उपरांत जुलूस झूला अली असगर निकाला गया। वहीं दूसरी ओर कुरसवां पटकापुर इमामबाड़ा, नवाब पप्पू मिर्जा में पहले मजलिस को मौलाना अरबाज हुसैन जैदी ने खिताब फरमाया और फिर कर्बला में शहीद हजरत अली अकबर का ताबूत उठाया गया। दोनों जुलूसों में आसिफ अब्बास, पप्पू मिर्जा, मुशीर आब्दी, शारिब हुसैन, मोहम्मद जॉन अब्बास, सैफ अब्बास, औन अब्बास, हैदर अब्बास, नजरे आलम जाफरी, डॉ. जुल्फिकार, अनवार अहमद सज्जादी, हसनैन अकबर, नकी हैदर आदि थे।

### राइनी बिरादरी के अलम जुलूस में लंगर

परेड से राइनी बिरादरी ने अलम जुलूस निकाला जिसमें रंग बिरंगी मोहर्रमी रंग में रंगे ऊंट पर बैठे बच्चे बिस्कुट, टाफी व अन्य खाने पीने की चीजों का लंगर कर रहे थे। जुलूस में बिरयानी का भी लंगर हुआ। करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन के दूत का रूप लेकर पैकी बनने वाले हजारों लोगों ने इमामबाड़ों पर फातिहा पढ़ी और मन्नत उतारी।

# अब सड़कों पर उतरेंगे पेंशनधारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रावतपुर में बैठक करते पेंशनधारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुप्रीमकोर्ट के आदेशानुसार सरकार पेंशनधारियों की पेंशन में इजाफा नहीं कर रही है। सरकार की दुलमुल नीति के कारण पेंशनधारी परेशान हैं। अब सब्र का बांध टूट चुका है, 4 और 5 अगस्त को लाखों पेंशनधारी जंतर-मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे।

बुधवार को ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की प्रांतीय बैठक रावतपुर स्थित सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप यूनियन कार्यालय में हुई जिसमें राष्ट्रीय/प्रांतीय एवं मंडलीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने पेंशन बढ़ोतरी नहीं होने पर सरकार की दुलमुल नीति को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि 31 जुलाई तक पेंशनधारियों की चार सूत्रीय मांगों को स्वीकार करें। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी, राष्ट्रीय सलाहकार राजेश शुक्ला, सेन्ट्रल रीजनल कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनूप कुशवाहा, जय सिंह सचान, प्रांतीय उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद लोधी, नासिर अली खान, अशोक यादव, फौजदार सिंह, आर पी त्यागी, प्रांतीय समन्वयक जय रूप सिंह परिहार आदि ने विचार रखते हुए आंदोलन के लिए भारी भीड़ जुटाने के लिये अभियान शुरू करने की घोषणा की। संचालन प्रदेश महामंत्री आर एन द्विवेदी ने किया।

- **पेंशन बढ़ोतरी नहीं होने पर सरकार की दुलमुल नीति से गुस्सा जताया**
- **4 और 5 अगस्त को दिल्ली में जंतर-मंतर पर लाखों पेंशनधारी देंगे धरना**

### पेंशनधारियों की मांगें

- 7500 रुपये प्रति माह पेंशन दें
- पेंशन में महंगाई-भत्ता, पति पत्नी का निःशुल्क इलाज
- हायर पेंशन को सुप्रीमकोर्ट के अनुसार लागू करें
- ईपीएस से छूटे लोगों को 5000 रुपये प्रति माह दें

# सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसी कार, दो की मौत

## भौनतपुर गांव के सामने हाईवे-34 पर भोर पहर हुआ हादसा

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** भौनतपुर गांव के सामने हाईवे-34 पर बुधवार सुबह तीन बजे एक कार हाईवे के किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार को भोर पहर हुआ। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिल्हौर थाना के उत्तरीपूरा कस्बे के निवासी बाबू (30) पुत्र विष्णु कुमार तिवारी और धीरेंद्र (38) पुत्र सूरजनलाल अपनी कार से निजी काम के लिए कानपुर गए थे। वापस उत्तरीपूरा लौटते समय शिवराजपुर



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

थाना क्षेत्र के भौनतपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार हाईवे पर खड़े एक डंपर में जा घुसी। हादसे में बाबू और धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची और दोनों युवकों को अस्पताल ले आई। यहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान जैसे ही खबर उत्तरीपूरा पहुंची तो परिजन बेहाल हो गए।

थानाप्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में जांच कराई जा रही है। जिस वाहन से कार टकराई है उसका पता लगाया जा रहा है। वहीं शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने अभीतक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के पर्वतखेड़ा गांव में बुधवार सुबह युवक का शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है।

पर्वतखेड़ा गांव निवासी संतोष कुरील का इकलौता पुत्र अनमोल 27 वर्ष बीती रात घर में अकेला था। सुबह पड़ोसियों ने देखा की अनमोल का शव घर के अंदर कुंडे से फांसी के फंद से लटका है। तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पिता को सूचना देकर घर बुलाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व वह अपनी पत्नी को छोड़ने बिन्दकी के एक गांव ससुराल गया था। वहां मृतक के साले ने भी फांसी लगा ली थी जो मानसिक रूप से परेशान था। मृतक सोमवार को अपने गांव पर्वतखेड़ा आया और पिता कहीं रिश्तेदारी में गए हुए थे। मां का पूर्व में देहांत हो चुका है। ऐसे में घर खाली था और सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रधान की शिकायत पर हटा अतिक्रमण

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेश में अभियान चला रखा है। लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों की मिली भगत से सरकारी जमीन माफिया के निशाने पर है। बुधवार को ऐसे ही एक कब्जे को जिम्मेदार अधिकारियों ने बिधनू की जामू ग्राम पंचायत से अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमणकारी को चेतावनी दी कि यदि दोबारा कब्जा किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि अतिक्रमण करने वाला भाजपा का नेता है।

बिधनू अंतर्गत ग्राम सभा जामू में पहले नहर विभाग की जमीन पर फिर राजस्व की जमीन पर अपने आप को भाजपा नेता बता अवैध कब्जा कर लिया है। इसकी लिखित शिकायत ग्राम प्रधान जनार्दन सिंह व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जीतेन्द्र सिंह को देकर कब्जा हटाने की मांग की। जिसपर दो सप्ताह पहले लेखपाल, नायब तहसीलदार, कानून गो ने नोटिस जारी की, उसके बावजूद भी अपने आप को भाजपा नेता बताकर अतिक्रमणकारी ने काम नहीं बंद करवाया। बुधवार को राजस्व की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवा दिया और अतिक्रमणकारी को तहसीलदार ने हिदायत दी अगर दोबारा इसमें कोई भी निर्माण कार्य करोगे तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।



कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल व ग्राम प्रधान।

### साढ़ गौशाला का जिला उद्यान अधिकारी ने किया निरीक्षण

**घाटमपुर।** भीतरगांव में सीडीओ के निर्देश पर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत साढ़ में गौशाला का जिला उद्यान अधिकारी उमेश चंद्र उत्तम ने औचक निरीक्षण किया। जल भराव की समस्या मिली। बाद में उन्होंने बेहटा गंभीरपुर गौशाला भी देखी। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी ने ग्राम प्रधान जगदीश यादव को बुलाकर जल भराव के निराकरण की बात कही।

## सार-संक्षेप



पुलिसकर्मियों श्रद्धांजलि देते पुलिस के अधिकारी।

### बिकरू कांड में बलिदान हुए पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**शिवराजपुर।** बिकरू कांड की पांचवीं बरसी पर बुधवार को थाना परिसर में बलिदान हुए सीओ समेत आठ पुलिसकर्मियों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष वरुण शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और मोमबत्ती जलाकर उनकी आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पांचवीं बरसी पर पुलिस ने बलिदानी पुलिस कर्मियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मोमबत्ती जलाकर बलिदानियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उप निरीक्षक यसवीर सिंह, विनोद दिनकर, शुभम पाण्डेय, हिमांशु सिंह, सुनील सिजरैया, शिवम कुमार, अभय प्रताप, अफरोज खान मौजूद रहे।

### बछना गांव में पौधे लगाकर लिया संरक्षण का संकल्प

**ककवन।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को वन महोत्सव के तहत ककवन ब्लॉक के बछना गांव में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव, ग्राम प्रधान मनु यादव और प्रधान पति सुखवीर यादव की उपस्थिति रही। वन विभाग की ओर से रेंजर विजय श्रीवास्तव और वन दरोगा शुभम दीक्षित भी इस पुनीत कार्य में शामिल हुए। उन्होंने पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को पौधरोपण के सही तरीकों और उनकी देखभाल के बारे में जानकारी दी।

### आरोपी के घर चस्पा की नोटिस

**बिल्हौर।** कोर्ट में आरोपी के हाजिर नहीं होने पर उसके घर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई। ककवन थाना क्षेत्र के विषधन चौकी इंचार्ज शैलेंद्र गिरि व उपनिरीक्षक शहदेव सिंह ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कानपुर देहात द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट और 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा के तहत भभूति सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम शाहपुर दूलू की गिरफ्तारी के लिए उसके पते पर दबिश दी। नहीं मिलने पर नोटिस चस्पा की गई।

### पीड़ित ने चोरी का खुलासा करने की मांग की

**शिवली।** क्षेत्र के शोभन गांव स्थित चक्की कारखाने का ताला तोड़कर लाखों की चोरी के खुलासे के मांग पीड़ित ने की है। चक्की व्यवसायी ओम शुक्ला ने बताया कि सोमवार की रात चोरों ने उसके कारखाने का शटर तोड़कर करीब पांच लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। शंका है कि चोर किसी वाहन में सामान लादकर ले गए हैं। पुलिस ने सूचना पर डॉग स्क्वायड बुलाकर जांच की थी। पीड़ित ने तहरीर भी पुलिस को दी है। बाघपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।



इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देते एसपी अरविंद मिश्र।

### इंस्पेक्टर को दिया पदक व प्रशस्ति पत्र

**कानपुर देहात।** राष्ट्रपति द्वारा प्रभारी यूपी 112 के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार मिश्र को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक प्रदान किया गया है। जिसके क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने इंस्पेक्टर को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर हौसला आफजाई किया। साथ ही इसी तरह बेहतर कार्य करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### अधिवक्ताओं से सामंजस्य बनाकर किए जाएंगे काम

**शिवली।** मैथा तहसील के नए एसडीएम देश दीपक सिंह के साथ अधिवक्ताओं ने बुधवार को बैठक की। एसडीएम ने सभी के सहयोग से तहसील के कार्यों को और गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सामंजस्य से काम किया जाएगा। लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता भी उनको सहयोग करने के लिए तैयार हैं। महामंत्री धर्मवीर सिंह ने भी समस्याएं उठाई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र त्रिपाठी, अशोक गौतम, संयुक्त मंत्री शारदा शुक्ला, रणविजय सिंह, मोनू पांडेय, अंकित सिंह, जनार्दन सिंह, भरत सिंह, अंकित दुबे, शोभा देवी आदि मौजूद रहे।

### गया प्रसाद का बलिदान पाठ्यक्रम में शामिल हो

**बिल्हौर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बुधवार को विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गया प्रसाद कटियार की अविस्मरणीय वीरता और उनके बलिदान को प्रदेश के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। विधायक राहुल बच्चा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि स्वतंत्रता संग्राम में गया प्रसाद कटियार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी रहा है। कहा कि गया प्रसाद कटियार जैसे नायकों के जीवन से छात्रों को परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। ताकि वे अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ सकें और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री को गया प्रसाद कटियार के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके संघर्षों के बारे में जानकारी दी।

# अवनीश दीक्षित को जेल से मिली रिहाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित बुधवार देर शाम 11 महीने बाद जेल से रिहा हो गए। हाईकोर्ट से पीएफ और गैंगस्टर मामले में जमानत होने के साथ ही बॉन्ड दाखिल के बाद अवनीश को जेल से रिहा किया गया।



अवनीश दीक्षित।

बता दें कि कई मामलों में अवनीश को पहले ही जमानत मिल गई थी। पीएफ घोटाले समेत गैंगस्टर मामले में जमानत बाकी थी। जिसपर उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी को स्वीकर कर एक-एक लाख और 50 हजार रुपये के बॉन्ड दाखिल के बाद रिहा करने के आदेश दिए। गौरतलब है कि सिविल लाइंस की एक हजार करोड़ कीमत की नजूल की जमीन पर कब्जा करने के मामले में लेखपाल विपिन कुमार ने 28 जुलाई 2024 को कोतवाली थाने में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके साथ ही इसी घटना से जुड़ी दूसरी रिपोर्ट सैमुअल गुरुदेव ने दर्ज कराई थी।

इसमें अवनीश दीक्षित और साथियों को जेल भेजा गया था। बाद में गैंगस्टर की कारवाई भी की गई थी।



**सम्मान**

**घाटमपुर।** भीतरगांव के ग्राम निम्बियाखेड़ा में बेहतर काम करने वाली आशाओं और ग्राम प्रधान को सम्मानित किया गया। यूनिसेफ गावी जेएसआई द्वारा संचालित जीरो डोज कार्यक्रम के अंतर्गत 20 चिन्हित आशा क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक के टीकाकरण से वंचित बच्चों का टीकाकरण करवाने में उन्हें यह सम्मान दिया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हरबंसपुर विकास खण्ड बिधनू जनपद कानपुर नगर

पंत्राक: मेमो निविदा/मनरेगा / केन्द्रीय वित्त | दिनांक 02–07–2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरबंसपुर विकासखण्ड बिधनू में केन्द्र वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा के अन्तर्गत 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु कम्पलीट आइटम रेट/सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 03.07.2025 से 14.07.2025 को अपरान्ह 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाए 14.07.2025 को सांय 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय हरबंसपुर मे गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को 2 प्रतिशत धरोहर राशि के रूप राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी.आर. / जो कि ग्राम पंचायत सचिव हरबंसपुर कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक हो जमा करनी होगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस मे प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 100/– रू के नान जूडिशियल स्टैम्प टी–6 व 1/– रू का रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (जी.एस.टी सहित) | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन की मराम्मत व सुन्दरीकरण कार्य | 7.46 लाख | 12646/– | 100/– | 15 दिन |
| 2. | किशोर के घर से रत्नेश की दुकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 4.86 लाख | 8236/– | 100/– | 15 दिन |
| 3. | कामता शुक्ला के घर से पंकज सविता के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1.76 लाख | 2982/– | 100/– | 15 दिन |
| 4. | राज नारायण के घर से परसादी के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 4.24 लाख | 7185/– | 100/– | 15 दिन |
| 5. | कल्लू दीक्षित के घर से नीरज के घर तक पक्की नाली व सीसी रोड निर्माण कार्यं। | 3.18 लाख | 5391/– | 100/– | 15 दिन |
| 6. | अरूण सिंह के घर से ओम दत्त शुक्ला के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 4.49 लाख | 7609/– | 100/– | 15 दिन |
| 7. | महेश के घर से अवधेश के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 8. | राजू के घर से सुरेश के घर तक नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 9. | पं0 भवन हरबंसपुर में बाउडीवाल मरम्मत,इंटरलांकिग व अन्य कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 10. | बारातशाला जीर्णोद्धार कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 11. | सामूदायिक शौचालय में टाइल्स कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 12. | आर आर सी सेन्टर में वायर फेंसिंग, बोरिग व अन्य कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 13. | प्रा0वि0 गढेवा मझावन में टाइल्स, हैण्डवाश निर्माण व सुन्दरीकरण कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | | | 15 दिन |
| 14. | गढेवा मझावन में आंगनवाडी निर्माण कार्यं। | प्राक्कलन अनुसार | | | 2 माह |

**नोट : कमाक 7 से 14 के कार्य सामग्री आपूर्ति पर होगें।**

अन्य शर्ते :– सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 3. निविदा स्वीकार होने पर परियोजनावार 10 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी.आर. / जो कि ग्राम पंचायत सचिव हरबंसपुर कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक हो जमा करनी होगी। 4. नियमानुसार जी.एस.टी. इत्यादि की कटौती की जायेगी। 5. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान ना होगा एंव न्यायलय में वाद योग्य भी नही होगा। समस्त अधिकार अघोहस्ताक्षरी के पास निहित होगें। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा। अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

**पूजा यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत हरबंसपुर**
**विकास खण्ड बिधनू**
**जनपद कानपुर नगर**

**नैनशी शुक्ला**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत हरबंसपुर**
**विकास खण्ड बिधनू**
**जनपद कानपुर नगर**








पुलिस मुठभेड़ में मारे गए प्रशांत मिश्रा के घर के बाहर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार


मुठभेड़ में मारे गए अमर दुबे के घर में ताला लगा है। अमृत विचार


कुख्यात विकास दुबे के घर के बाहर सुखाए जा रहे कपड़े। अमृत विचार

# बिकरू कांड: 102 गवाह, अभी सिर्फ 14 की गवाही

## पांच साल गुजरने के बाद अभी अभियोजन पक्ष के गवाहों से चल रही जिरह, कई आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**बरसी पर याद ताजा**

- गैंगेस्टर के साथ चार मामलों में आरोपियों को हो चुकी सजा

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बहुचर्चित बिकरू कांड में अभियोजन पक्ष के 102 गवाह हैं, मगर पांच साल गुजरने के बाद भी अभी तक कोर्ट में सिर्फ 14 गवाहों के बयान हो सके हैं। कोर्ट में गवाहों से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। कई आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। ऐसी स्थिति में बिकरू कांड का फैसला कब तक होगा, फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है।

2 जुलाई 2020 को घटना के बाद पुलिस ने कई मामले दर्ज किए थे। पांच साल में अभियोजन पक्ष ने पैरवी कर गैंगस्टर के एक मामले सहित चार अन्य मामलों में आरोपियों को सजा दिलाने में कामयाबी पाई। एक मामले में शिथिल विवेचना के चलते अदालत से आरोपी दोष मुक्त हो गया। मुख्य मामले के साथ ही कई मामले अभियोजन गवाही के चलते लंबित हैं। मुकदमों के लंबित होने का लाभ आरोपियों को मिलता दिख रहा है। एक-एक करके कई आरोपियों की जमानत याचिकाओं को हाईकोर्ट स्वीकार कर चुका है।

2 जुलाई 2020 को चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे ने अपने साथियों सहित फायरिंग कर दी थी। जिससे तत्कालीन सीओ देवेंद्र मिश्रा सहित आठ पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे। जबकि कई


बिकरू कांड की बरसी पर गांव की गलियों में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने विकास दुबे सहित 21 नामजद व 60-70 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या, लूट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। साथ ही विकास दुबे सहित छह बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं मामले में विवेचना कर 44 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही उनके खिलाफ आरोप पत्र एंटी डकैती कोर्ट में दाखिल कर दिए थे। जब अदालत में मामले की सुनवाई शुरू हुई तो बचाव पक्ष ने पुलिस केस डायरी की नकल का मुद्दा उठाया। जिसपर सभी आरोपियों को पुलिस केस डायरी उपलब्ध कराई गई। इसी में कई महीने बीत गए। जब आरोपियों पर आरोप तय होने की बारी आई तो बचाव पक्ष ने अपूर्ण केस डायरी का मुद्दा उठाने के साथ ही अदालत में मामले की सुनवाई के लिए सभी आरोपियों व उनके अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त स्थान न होने की बात उठाते हुए सुनवाई खुले स्थान में करने की मांग करते हुए अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर दिए। जिनको कोर्ट द्वारा निरस्त करने के बाद बचाव पक्ष ने आरोपियों की ओर से एक-एक कर आरोप मुक्त करने के प्रार्थना पत्र कोर्ट में पेश किए गए, जो सुनवाई होने के बाद एक-एक कर सभी निरस्त होते गए।

वहीं आरोपियों पर आरोप तय न होने से विचारण लंबित होता चला गया। इसपर अभियोजन पक्ष ने अपनी पैरवी तेज कर दी। साथ ही अदालत ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया। अदालत ने बचाव पक्ष को आरोपियों की ओर आरोप मुक्त प्रार्थना पत्र पेश करने का अंतिम अवसर देते हुए हिदायत दी कि जिन आरोपियों की ओर से आरोप मुक्त प्रार्थना पत्र पेश करने हों, वह पेश करें। अन्यथा आरोपियों पर आरोप तय कर दिए जाएंगे। अदालत के सख्त होने पर फरवरी 2023 में आरोपियों पर आरोप तय होने के बाद विचारण शुरू हुआ। अभियोजन की ओर से मार्च 2023 में मामले में पहले गवाह दरोगा कुंवरपाल को पेश कर उसके कोर्ट में बयान दर्ज कराए गए। इसके बाद अभियोजन की ओर से अभी तक चौदह गवाहों को अदालत में पेश कर उनके बयान कराए गए हैं। जबकि अभियोजन गवाहों की सूची में करीब 102 गवाह हैं। जिनके बयान होने के साथ ही बचाव पक्ष की जिरह भी होनी है।

# पंचायतनामा में लिखा ही नहीं था क्राइम नंबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की एंटी डकैती कोर्ट में सुनवाई चल रही है। बुधवार को अभियोजन गवाह ने जिरह में कहा कि मैंने पंचनामा भरते समय चौबेपुर थाने में फोन कर क्राइम नंबर की जानकारी ली थी, लेकिन पंचनामा में नहीं लिखा है। कोर्ट में अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी।

चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें बिल्हौर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। पिछली तारीख में अदालत ने अभियोजन गवाह एसआई कमलेश पटेल से बचाव पक्ष के जिरह के लिए हाजिर न होने पर जिरह का अवसर समाप्त कर दिया था और अगले गवाह को पेश करने के आदेश दिए थे। बुधवार को घटना में शहीद हुए महेश यादव का पंचनामा भरने वाले एसआई मणि भूषण शुक्ला ने कोर्ट में पेश होकर बयान दर्ज कराए। आरोपी रामू बाजपेई, श्यामू बाजपेई, अखिलेश उर्फ छोटू व राम सिंह की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता सीपी शुक्ला ने गवाह से पंचनामा भरते समय एफआईआर के क्राइम नंबर पर सवाल किया, जिस पर गवाह ने बताया कि पंचनामा भरते समय चौबेपुर थाने में फोन करने पर क्राइम नंबर की जानकारी दी गई थी, लेकिन मैंने पंचनामा के पहले कालम में क्राइम नंबर नहीं लिखा। गवाह ने पंचनामा के समय मृतक के चचेरे भाई के मौके पर होने की बात कही, लेकिन उसका नाम नहीं बता सके। अब शेष आरोपियों की ओर से जिरह के लिए अदालत ने 9 जुलाई की तिथि नियत की है। इस दौरान सभी आरोपी अदालत में मौजूद रहे।

**गैंगस्टर के दो मामले अभी विचाराधीन**

कांड के बाद पुलिस ने जेल में निरुद्ध 30 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, जिसमें कोर्ट फैसला सुना चुकी है। पुलिस ने वर्ष 2022 में उमाशंकर व विपुल दुबे के खिलाफ गैंगस्टर में आरोप पत्र पेश किए थे। 19 जनवरी 2023 को पुलिस ने तीन महिलाओं सहित नौ आरोपियों क्षमा दुबे, रेखा अग्निहोत्री, शांति देवी, संजय सिंह परिहार, अभिनव तिवारी, अमन शुक्ला, रामजी उर्फ राधे कश्यप, शुभम पाल व विष्णु कश्यप के खिलाफ गैंगस्टर में चार्जशीट दाखिल की थी। दोनों मामलों में अभियोजन गवाही चल रही है।

# रिचा दुबे पर आरोपों की दोबारा होगी सुनवाई

- दूसरे की आईडी का सिमकार्ड उपयोग करने का मामला
- रिचा दुबे को हाईकोर्ट से मिल गई थी अग्रिम जमानत

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे के खिलाफ चौबेपुर पुलिस ने दूसरे की आईडी से सिम उपयोग करने का केस दर्ज किया था। एंटी डकैती कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। रिचा दुबे को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई थी।

बचाव पक्ष ने कोर्ट में क्षेत्राधिकार को चुनौती देते हुए निचली अदालत में चलने योग्य बताते हुए तर्क रखे थे, जिससे लंबे समय तक आरोप तय नहीं हो सके। अभियोजन की पैरवी पर फरवरी 2024 में कोर्ट ने रिचा दुबे सहित अन्य आरोपियों पर आरोप तय करने के साथ ही बचाव पक्ष का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर पत्रावली सीजेएम कोर्ट भेज दी थी, जहां अभियोजन की ओर से पहले गवाह तत्कालीन इंस्पेक्टर केएन राय के बयान दर्ज कराए गए थे। इसी दौरान कुछ आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने पुलिस केस डायरी की नकल न मिलने का मुद्दा उठाने के साथ सेशन कोर्ट के आरोप तय करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर हाईकोर्ट ने आरोप पर पुनः सुनवाई का अवसर दे दिया था। अब यह मामला पीछे हो गया है। आरोप तय होने के बाद विचारण की शुरुआत होगी।

**खुशी दुबे के दो मामलों में अदालत में चल रही गवाही**

बिकरू कांड में अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को चौबेपुर पुलिस ने मुख्य मामले के साथ दूसरे की आईडी से सिम कार्ड का उपयोग करने में भी आरोपी बनाया है। विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। मुख्य मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-13 पॉक्सो कोर्ट में चल रही है। सिम मामले की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है। दोनों ही मामलों में खुशी दुबे जमानत पर हैं। कोर्ट में गवाही चल रही है। मुख्य मामले में लगातार गवाह पेश किए जा रहे हैं। किशोर न्याय बोर्ड में वादी मुकदमा केएन राय सहित करीब पांच गवाहों की गवाही हो चुकी है।

**19 आरोपियों की हाईकोर्ट से जमानत हो चुकी मंजूर**

- **कानपुर देहात।** लंबे समय से मामला लंबित होने के कारण अब हाईकोर्ट मामले में आरोपियों की जमानत याचिका मंजूर कर राहत दे रहा है। मामले में अब तक आरोपी अरविंद त्रिवेदी उर्फ गुड्डन, सुशील तिवारी, उमाशंकर यादव, अखिलेश उर्फ छोटू, शिव तिवारी, जय बाजपेई, विनय तिवारी, खुशी दुबे, शांति देवी, विपुल दुबे, रमेश चंद्र, बालगोविंद, विष्णूपाल उर्फ जिलेदार, सुरेश वर्मा, दयाशंकर अग्निहोत्री, मनीष कुमार द्विवेदी, अखिलेश दीक्षित व अभिनव तिवारी को हाईकोर्ट से मुख्य मामले में राहत मिल चुकी है। जबकि खुशी दुबे को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। हालांकि विनय तिवारी, सुशील तिवारी व गुड्डन त्रिवेदी ही जेल से बाहर हैं। अन्य आरोपियों की दूसरे मामलों में जमानत न मिलने पर रिहाई नहीं हुई है।

# खौफनाक मंजर याद कर आज भी सिहर जाते लोग

शैलेश शुक्ला, चौबेपुर

**अमृत विचार।** करीब 5 वर्ष पहले 2 जुलाई की रात बिकरू गांव में जो कुछ हुआ, उसे याद कर आज भी लोग कांप उठते हैं। कुख्यात विकास दुबे और उसके गुर्गों ने जिस तरह 8 पुलिस कर्मियों की एक साथ हत्या की, उसकी यादें आज भी ताजा हैं। यहां के वाशिंदों के जेहन में कुख्यात विकास दुबे के कारनामे जीवन पर्यंत बने रहेंगे। वक्त बीतने के साथ यहां की स्थितियां भले ही बदल चुकी हैं, मगर उसके किस्से लोगों की जुबान पर अभी भी जस के तस बने हुए हैं।

2 जुलाई की उस भयावह काली रात को विकास व उसके साथियों ने जो भी किया, वह दिलों को दहला देने वाला था। जमीन विवाद एक मामले में हिस्ट्रीशीर विकास के घर पर दबिश देने गई पुलिस टीम को षड्यंत्र के तहत घेराबंदी कर जिस तरह से विकास व उसके गुर्गों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर 8 पुलिस कर्मियों को मौत के घाट उतारा था, उस मंजर को याद कर आज भी यहां के लोगों की आंखों में खौफ साफ नजर आता है। दहशत के पर्याय रहे विकास दुबे से गांव के लोगों को भले ही मुक्ति मिल गई है, लेकिन अभी लोग उस घटना से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। कार्रवाई के डर से गांव छोड़ गए कई लोगों घरों में अभी भी ताले ही लटक रहे हैं। वहीं दुर्दांत विकास दुबे की जमीदोज कोठी पर खरपतवार व बड़े-बड़े बबूल के पेड़ उग आने यह किसी भुतहे खंडहर की तरह नजर आने लगी है।


बिकरू गांव में खंडहर में तब्दील विकास दुबे की आलीशान कोठी। अमृत विचार

**ऑडियो को लेकर चर्चा में रही मनु अभी फरार**

बिकरू कांड से जुड़े एक आरोपी प्रेम प्रकाश पांडेय के परिवार में अब केवल उनकी वृद्ध पत्नी सुषमा ही गांव में रह रही हैं। गौरतलब है कि प्रेम प्रकाश पांडेय के घर के आंगन में ही तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बिल्हौर देवेंद्र मिश्रा की नृशंस हत्या की गई थी। घटना के अगले दिन यानी 3 जुलाई की सुबह पुलिस ने पड़ोस के काशीराम निवादा गांव में एक मंदिर के निकट छिपे प्रेम प्रकाश को मौत के घाट उतार दिया था। इतना ही नहीं इस षड्यंत्र में शामिल रहा प्रेम प्रकाश का बेटा शशिकांत अभी जेल में है। वहीं वायरल ऑडियो को लेकर चर्चा में रही शशिकांत की पत्नी मनु भी फरार चल रही है। उसके चौबेपुर स्थित मकान में कुर्की के कार्रवाई की जा चुकी है।

**कहीं ताला लगा, कहीं तन्हा जिंदगी**

- बिकरू कांड के मुख्य आरोपियों में अतुल व अमर दुबे का परिवार भी शामिल था। पुलिस ने अतुल व अमर दुबे को मुठभेड़ में मार गिराया था, जबकि अतुल के भाई संजू दुबे व भतीजे वितुल को जेल भेजा गया था। इस दौरान घर में एकमात्र बची अतुल दुबे की मां ज्ञानवती भी ताला बंद कर कहीं चली गईं हैं।
- 2 जुलाई की उस काली रात को कुख्यात विकास दुबे का साथ देने वाले प्रवीण उर्फ बउआ दुबे को भी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मौत की नींद सुला दी थी। अब उनके घर में पिता ओमप्रकाश ही अकेले रहते हैं। बोले, विकास के साथ रहने की कीमत बेटे प्रवीण को जान देकर चुकानी पड़ी। बड़ा बेटा विपिन पत्नी व बच्चों के साथ शहर में रहता है।
- विकास दुबे के ठीक सामने वाले घर में रहने वाले अहम सहयोगी प्रभात को भी पुलिस मुठभेड़ के दौरान मारा गया था। घटना के बाद प्रभात के पिता राजेंद्र को जेल भेजा गया था। उस रात घर में मौजूद रहीं प्रभात की दादी राजकली की मौत हो चुकी है। घर में प्रभात की मां और बहन ही रहती हैं।
- बिकरू कांड के बाद खुशी दुबे भी लगातार चर्चा में रही। दो दिन पहले ही उसकी शादी अमर दुबे से हुई थी। वारदात में पति का साथ देने के आरोप में जेल भेजी गई खुशी आज जमानत पर भले ही कारागार से बाहर आ चुकी है, लेकिन उस भयावह रात को याद कर वह चैन की नींद सो नहीं पा रही। घटना के बाद लोगों का उसके प्रति नजरिया बदल जाने से वह अपने आप को असहज महसूस करती है। कानूनी प्रक्रिया के तहत खुशी प्रत्येक सोमवार को चौबेपुर थाने में आकर अपनी हाजिरी दर्ज करा रही हैं।
- आठ पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाले विकास दुबे व उसके खास गुर्गों को पुलिस ने घटना के 10 दिन के भीतर ही मौत के घाट उतार दिया था। घटना में शामिल 44 आरोपी जेल भेजे गए थे। इधर घटना के 5 वर्ष के दौरान कुछ लोग जमानत पर बाहर आ चुके हैं, जबकि ज्यादातर लोग अभी जेल में ही है।

# बंद फैक्ट्री के सोकपिट में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** क्षेत्र के चिटिकपुर में बंद पड़ी एक फैक्ट्री के सोकपिटी टैंक में एक अज्ञात युवक का संदिग्ध हालात में शव पड़ा मिला। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे एसपी ने छानबीन की। वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त कि प्रयास किए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान मिलने से लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं।

रनियां थाना क्षेत्र के चिटिकपुर गांव में काफी वर्ष पहले एक रोलिंग मिल की फैक्ट्री थी, जोकि इस समय खंडहर में तब्दील हो गई हो गई है। बुधवार को उसमें कबाड़ बीनने आए कुछ बच्चों ने सीवर टैंक के अंदर एक युवक का शव पड़ा देखा। इसपर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर सीओ सदर संजय वर्मा व रनियां थाना प्रभारी संजय गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। इसके साथ ही घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकालकर शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

युवक के चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोट के निशान मिले। जिससे खून निकल रहा था। इससे वहां मौजूद लोगों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जाहिर की। मृतक के शरीर पर नीले रंग की जींस का पेंट और काली टी शर्ट थी। जानकारी पर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा, एएसपी राजेश पांडेय मौके पर पहुंचे व घटना के बारे में जानकारी ली। एसपी ने बताया कि बंद फैक्ट्री के सोकपिट में संदिग्ध अवस्था में युवक का शव मिला है। छानबीन की जा रही है।


शव मिलने वाले सोकपिट को देखते एएसपी राजेश पांडेय। अमृत विचार

**फॉरेंसिक टीम ने टैंक के कुछ दूर के पत्थर उठाए**

- रनियां के चिटिकपुर में खंडहर पड़ी रोलिंग मिल की फैक्ट्री के सोकपिट टैंक में मिले अज्ञात युवक के शव की सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने टैंक के पास से कुछ पत्थर के टुकड़े उठाए हैं। कयास लगाया जा रहा है कि इन्हीं पत्थरों से कुचलकर युवक की हत्या की गई होगी।


थाना प्रभारी से जानकारी लेते एसपी।

**24 घंटे पुराना शव होने का लगाया जा रहा अनुमान**

- बंद फैक्ट्र के सोकपिट टैंक से जब शव को बाहर निकाला गया तो उसके शरीर से खून रिस रहा था और बॉडी भी सही थी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि शव करीब चौबीस घंटे पुराना है, लेकिन अभी तक उसी कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिससे घटना का तत्काल खुलासा नहीं हो सका।

# भंदेमऊ में महिला की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम भंदेमऊ में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

भंदेमऊ गांव निवासी रानी (45) की बुधवार को घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की भंदेमऊ निवासी संतोष शर्मा के साथ करीब 22 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। मृतका के भाई राजकुमार निवासी दिल्ली को जैसे ही बहन की मौत की सूचना मिली, वह तुरंत भंदेमऊ गांव पहुंचे। उन्होंने बहन की मौत को संदिग्ध बताते हुए थाना मंगलपुर में लिखित प्रार्थना पत्र देकर जांच व पोस्टमार्टम कराने की मांग की। राजकुमार का आरोप है कि रानी की मृत्यु स्वाभाविक नहीं है। इसमें किसी गहरी साजिश की आशंका है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र पर छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# ट्रक ने ली बाइक सवार की जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बलहरामऊ गांव के पास हाईवे पर रात में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कालेज में ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र झड़े का पुरवा निवासी संजय (27) मंगलवार को बरौर थाना क्षेत्र के तारनपुर अपनी बुआ भूरी देवी के घर गया था। देर रात बाइक से वापस लौट रहा था। डेरापुर थाना क्षेत्र के बलहरामऊ के पास कानपुर-औरैया हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत भाग निकला। पुलिस ने संजय को मेडिकल कालेज भेजा, जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया। पति की मौत पत्नी रूबी, सूरजमुखी, पिता मूलचंद्र, पुत्र अयांश, पुत्री शिखा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। डेरापुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि ट्रक की तलाश की जा रही है।

**लोडर की टक्कर से तीन साल की बच्ची की मौत**

**कानपुर देहात।** भैंसाया गांव में घर के बाहर खेल रही तीन साल की बच्ची को गैस सिलेंडर लेकर जा रहे लोडर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के भैंसाया गांव निवासी दिव्यांग सुभाष कठेरिया गांव की तीन साल की पुत्री सोना बुधवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान रतनपुर से रसोई गैस सिलिंडर लेकर गांव में डिलिवरी करने आए लोडर ने बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सोना की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक लोडर छोड़कर मौके से फरार हो गया। बालिका की मौत पर मां किरन समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इंस्पेक्टर हरमीत सिंह ने बताया कि लोडर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**संरक्षण का संदेश** पुखरायां कस्बे के कालेश्वर महादेव मंदिर में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण कार्यक्रम

# बारिश कराने में सहायक होते पेड़-पौधे

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** पुखरायां कस्बे के कालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में वन महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के समाजसेवियों, भाजपा पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय वनाधिकारी व कर्मचारियों के साथ पौधे रोपे।

वन महोत्सव में समाजसेवी सुमित सचान ने पौधरोपण करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। जब तक वृक्ष हैं तो हमारा जीवन है। पेड़ आक्सीजन प्रदान करने के साथ वातावरण शुद्ध करने व बारिश कराने में सहायक होते हैं। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत समाजसेवी सुमित सचान व क्षेत्रीय वनाधिकारी स्वामीदीन ने पूजा-अर्चना करते हुए पौधरोपण किया। इस दौरान कार्यकारणी सदस्य कमल प्रकाश मेहरोत्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम नारायण गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेक्शन अधिकारी रामचंद्र, वन दरोगा शिप्रा सचान, कल्याणी मिश्रा, वन रक्षक सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।


मंदिर परिसर पर पौधरोपण करते समाजसेवी, भाजपाई और वन कर्मी। अमृत विचार

# मेड़ को खोदने के विरोध में मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कारीकलवारी गांव में खेत के बगल में मिट्टी खनन करने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने किसान को पीट दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

कारीकलवारी गांव की शिवकली ने पुलिस को बताया कि उसका पति पुत्तू कमल बुधवार की सुबह खेतों पर गया था। उसने देखा कि बगल के खेत से गांव के ही राजा ठाकुर जेसीबी से मिट्टी खोद कर ट्राली में भर रहे हैं। जिसमे उसके खेत की मेड़ भी खोद डाली है। जब उसके पति ने इस बात का विरोध किया तो वहां मौजूद राजा ठाकुर व दो अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से मारा पीटा और शिकायत करने पर धमकी दी।

# ग्रोथ प्रमोटर व ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड से बढ़ेगा उत्पादन

## योगी सरकार हर जिले में पंचगव्य आधारित नवाचार से खोलेगी रोजगार के द्वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गो-आधारित प्राकृतिक खेती को प्रमुखता, गोबर-गोमूत्र व जीवामृत का व्यापक स्तर पर होगा उपयोग



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक दूरगामी योजना तैयार की है। इसके तहत राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा। पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि संभावित है।

इस कवायद में गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द शुरू किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा।

### राज्यव्यापी निरीक्षण के आधार पर बनी रणनीति

गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा संभावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरंभ होगा। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

# शीघ्र और पारदर्शी हो जन समस्याओं का समाधान

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कल करेंगे आम महोत्सव की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

### ओबीसी युवाओं को मिलेगा नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में पिछड़े वर्ग के युवाओं को नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण योजना के तहत 14 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। युवाओं को 'ओ लेवल' व 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के जरिये आवेदन कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं।

# देशभर में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में लखनऊ समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर जताया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बुधवार को देशभर में बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में राजधानी समेत जिला व परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी शामिल हुए। इस बीच, बिजली कर्मियों ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश के सभी प्रांतों के अभियंता, अवर अभियंता व अन्य बिजली कर्मी प्रदर्शन में शामिल हुए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश समेत हैदराबाद, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर, वडोदरा, राजकोट, गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना, रांची, श्रीनगर, जम्मू, शिमला, देहरादून, पटियाला, जयपुर, कोटा व हिसार में विरोध-प्रदर्शन किए गए। प्रदेश में और कई प्रांतों में बिजली कर्मचारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसानों और कई उपभोक्ता संगठनों ने संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन में हिस्सा लिया।




निजीकरण के विरोध में राजधानी लखनऊ में रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन करते बिजली कर्मी।

- किसान संगठन और उपभोक्ता फोरम भी प्रदर्शन में हुए शामिल
- 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान

प्रदेश में वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध-प्रदर्शन किया गया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम व रेजीडेंसी खंड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आयोजित सभा को इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सोनभद्र के मजदूर नेता दिवाकर कपूर, राष्ट्रीय कुली मजदूर संघ के राम सुरेश यादव, अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### भ्रामक आंकड़े देकर किया जा रहा निजीकरण

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उप्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़े देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। प्रदेश के बिजली कर्मी बीते 7 माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, पर राज्य सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की।

### बिना बिजली खरीद के हो रहा निजी कंपनियों को भुगतान

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में गलत पावर परचेज एग्रीमेंट के चलते विद्युत वितरण निगमों को निजी बिजली उत्पादन कंपनियों को बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ रुपये का सालाना भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त निजी घरानों से बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीदने के कारण लगभग 10 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष का अतिरिक्त भार आ रहा है। उप्र. में सरकारी विभागों पर 14,400 करोड़ रुपये का बिजली राजस्व का बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र. पावर कॉरपोरेशन व शासन के कुछ बड़े अधिकारियों की कुछ चुनिंदा निजी घरानों के साथ मिलीभगत है।

# रिक्त होने वाले पदों की चयन प्रक्रिया में विलंब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभागों की ओर से प्रस्ताव न देने पर शासन नाराज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 जून 2026 तक पदोन्नति के बाद विभागों में रिक्त होने पर पदों पर नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया करने की हिदायत दी थी। प्रक्रिया 1 जुलाई 2025 से शुरू होनी थी, मगर विभागीय अधिकारियों की हीलाहवाली से चयन प्रक्रिया शुरू करने होने में विलंब हो रहा है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार ने चेतावनी देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभागों में वर्तमान में लंबित पदोन्नति के साथ ही आगामी 30 जून 2026 तक पदोन्नति से भरी जाने वाली रिक्तियों की गणना 31 जुलाई 2025 तक पूर्ण कर, 15 अगस्त 2025 तक चयन प्रक्रिया शुरू कर ली जाए, अन्यथा अपर मुख्य सचिव व सचिव को विलंब की वजह स्पष्ट करनी होगी। मुख्य सचिव ने बुधवार को समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2025 से चयन वर्ष शुरू हो रहा है, मगर पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया शुरू होने में विलंब हो रहा है, जिसकी वजह से विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर समय पर नियुक्ति नहीं हो पाएंगी।

# सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों के विलय का फैसला वापस ले। यह फैसला गरीब विरोधी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ये फैसला वापस नहीं लेती है तो बसपा की सरकार आने पर इस फैसले को निरस्त किया जाएगा।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में बहुत सारे स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया है, यह गरीबों के करोड़ों बच्चों को उनके घर के पास दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति न्याय नहीं, बल्कि पहली नजर में ही स्पष्ट तौर पर यह अनुचित, गैर-जरूरी व गरीब-विरोधी प्रतीत होता है। उन्होंने रेलवे टिकट महंगे करने और बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश लोग महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व कमाई घटने से परेशान हैं। ऐसे में रेल का किराया बढ़ाना जनहित के खिलाफ है। यह संविधान के कल्याणकारी उद्देश्य के बजाय व्यवसायिक सोच वाला फैसला ज्यादा लगता है।

# विकास निधि का ट्री-गार्ड में प्रयोग करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वन राज्यमंत्री ने की वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार :** वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि का एक प्रतिशत जन प्रतिनिधि ट्री गार्ड का प्रयोग करते हुए सड़क किनारे पौधरोपण के लिए प्रयोग करें। कृषि वानिकी को प्राथमिकता देते हुए हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ का प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही उन्होंने रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' ने जीवन की आधारशिला को जोड़ा है।

वन मंत्री ने बुधवार को वन एवं वन्यजीव विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में वृक्षारोपण महा अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में 35 करोड़ पौधों के रोपण को सफल बनाने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 26 शासकीय विभागों तथा जन सामान्य के सहयोग से वन भूमि, सामुदायिक भूमि, व अन्य राजकीय भूमि, कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर वृहद स्तर पर रोपण कराया जा रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा निर्गत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, प्रदेश में गत वर्षों में संपन्न वृक्षारोपण से लगभग 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई है, जो भारत में द्वितीय सर्वाधिक वृद्धि है। डॉ.अरूण सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण महाअभियान 2025 में प्रदेश का पौधरोपण लक्ष्य 35 करोड़ है, जिसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का लक्ष्य 12.60 करोड़ तथा अन्य विभागों का लक्ष्य 22.4 करोड़ है।

# जातिगत जनगणना वंचित समुदायों की स्थिति उजागर करेगी : अनुप्रिया

## डॉ.सोनेलाल पटेल की जयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना का सपना डॉ.सोने लाल पटेल ने देखा था, इसलिए अपना दल ने अपनी स्थापना के समय से ही जातिगत जनगणना का समर्थन किया है। केंद्र सरकार ने इस सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज को तोड़ने वाला नहीं, बल्कि जोड़ने वाला कदम है। यह देश की सच्ची तस्वीर सामने लाएगी और उन वंचित समुदायों की स्थिति को उजागर करेगी, जो विकास की रोशनी से वंचित हैं।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करतीं अपना दल-एस अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल।

अनुप्रिया पटेल चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। अपना दल ने डॉ.सोनेलाल पटेल की जन्मजयंती को जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया है। इस मौके पर अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें अपने सिद्धांतों और वैचारिक मुद्दों से नहीं भटकना चाहिए। विरोध और षड्यंत्र केवल ताकतवर और ईमानदार लोगों के खिलाफ होते हैं। हमें उत्तर प्रदेश में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेना होगा।

राज्य सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल किसी भी षड्यंत्र से डरने वाले नहीं है, हम हर पीड़ित के साथ खड़े हैं और हर वार का जवाब देंगे।

### प्रशिक्षु अधिकारियों को दिए सुझाव

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।

## वर्ग पहेली-20

**बाएं से दाएं**

2.1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।

4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।

5.1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।

8. सार्वजनिक इमारतों

10.1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**


1. वह स्थान जहां चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।

3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।

6.1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।

7.1. कठिनता से घुसना।

9.1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -19 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | | | | 2 स |
| | | | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | | | ह |
| न | | | पि | | 5 दे | |
| फू | | 6 उ | त | रा | व | |
| ल | | मा | | | रा | |
| | | | 7 गु | हाँ | ज | नी |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जुलाई, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी-14.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 13.50 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज आपको कड़वे वचनों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के माहौल में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आय के साधन बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। इस दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिए काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। बातचीत करते हुए शब्दों का चयन सही तरह से करें।

**मिथुन** — आज दोपहर के समय आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। रक्तचाप और शुगर के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**कर्क** — आज विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। अपनी स्किल्स को लेकर अत्यन्त आत्मविश्वास में रहेंगे। परिवार के साथ कहीं पर्यटन के लिए जा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**सिंह** — आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण आपसे परिजन नाराज हो सकते हैं। आंखों में जलन और संक्रमण की शिकायत हो सकती है।

**कन्या** — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। घर में मनपसंद भोजन का स्वाद लेंगे।

**तुला** — आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा आपको नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक** — आज नए विचारों को अपनाने में आप संकोच न करें। प्रेम संबंधों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपकी छवि में अत्यन्त सुधार आयेगा। संतान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे।

**धनु** — आज आप में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। करियर के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है। वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नई योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है।

**मकर** — आज व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को काफी महत्व देंगे। लेन-देन के मामले में आप अत्यंत भाग्यशाली रहेंगे। घर के बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे।

**कुंभ** — आज का दिन उठापटक से भरा हुआ रहेगा। आलस्य और प्रमाद में समय व्यर्थ न करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। प्रबंधन कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी कमियों पर गौर करना चाहिए।

**मीन** — आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा।

## सुडोकू -27

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 1 | | 7 | | |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | | | | 5 |
| | | 4 | | 2 | | | | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | 7 | | | | | 9 |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| 1 | | | | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| | | 7 | | 3 | | 5 | 8 | 2 |

### सुडोकू - 26 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 |

गतिरात्मवतां सन्तः सन्त एव सतां गतिः।
असतां च गतिः सन्तो न त्वसन्तः सतां गतिः॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते हैं। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते हैं लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ रहा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रमण 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत


वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट है: तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही रवैया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल के पुनः इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। जाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40-60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए, लेकिन इन्वेस्टमेंट का एक छोटा हिस्सा भी 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग' की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, 'अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन' (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र "इंसीडेंट" मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ 'सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल' (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन' अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में 'तैरते पड़ोस' जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में 'स्पंज सिटी' योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को 'वेस्ट' नहीं, 'रिसोर्स' की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल 'प्रोजेक्ट्स' नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी 'ई-रक्त कोष' मुहिम

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेहताशा वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त 'रेयर ब्लड' का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के 'ब्लड बैंक' सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। 'राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष' को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' के तहत मुंबई स्थित 'राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान' ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण 'दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। 'ब्लड ठग' खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही 'ब्लड बैंक' ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को 'ऑनलाइन ई-रक्त कोष' बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी 'रक्त पोर्टल' को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद 'कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए' है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई , शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार ।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक "लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट" अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है । एक बात और समझना होगा कि "वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है ।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ ,कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को ज़िंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि ज़िंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना ,उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।


डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग "पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ''शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कुसुम्भी रोड पर शराब दुकान के पीछे मृत मिला युवक

## कैंटीन संचालक पर परिजनों ने लगाए आरोप, युवक को सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित किया

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** कुसुम्भी रोड स्थित देशी शराब की दुकान के पीछे खेत में कस्बा निवासी एक युवक बेहोश पड़ा मिला। पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नवाबगंज कस्बे के गांधीनगर मोहल्ला निवासी कुलदीप (40) पुत्र मुन्नीलाल को नवाबगंज-कुसुम्भी मार्ग पर बुधवार शाम देशी शराब की दुकान के पीछे बेहोश पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके छोटे भाई रामलखन ने बताया कि भाई दोपहर 1 बजे घर से निकला था। परिजनों का आरोप है कि कैंटीन पर भाई की मौत हो गई लेकिन उन लोगों ने परिजनों को सूचना नहीं दी और उसे पीछे के गेट से बाहर खेत में फेंक दिया।


कुलदीप की फाइल फोटो।


बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

वह चार भाइयों रामलखन, लवकुश व विपुल से बड़ा था। बेटे की मौत से मां रामदेवी रो-रोकर बेहाल है। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के आरोप पर कैंटीन संचालक से पूछताछ की जा रही है।

### डहरौली गांव के तालाब में डूबने से युवक की मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरौली में शौच के लिये गये एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरौली निवासी श्रीकृष्ण (38) पुत्र मुन्नालाल बुधवार दोपहर 3 बजे घर से शौच के लिये गांव के बाहर हसखरी तालाब गया था। पास के बाग में मौजूद सुमेर ने उसे तालाब में डूबते देखा तो गांव के लोगों को बताया। लेकिन, गांव के लोग जब उसे निकाल नहीं पाये तो पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल सुरेश कुमार ने शुक्लागंज से गोताखोर बुलवाये और शव बाहर निकाला गया। कोतवाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। घटना के बाद पत्नी रचना व बच्चों दिव्यांश व प्रियांन्स का रो-रोकर बुरा हाल रहा।


युवक की तलाश करते गोताखोर।

## सार-संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** मजदूरों के साथ खेत में धान की रोपाई करते समय युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। साथी मजदूर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रामा अमरापुर गांव का अंशु (21) पुत्र ओम प्रकाश मजदूरी करता था। मंगलवार को वह मजदूरों के साथ अपने गांव के पास स्थित कस्बा निवासी समीर के खेतों में धान की बेड़ लगा रहा था। तभी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। लेकिन उस समय उसने ध्यान नहीं दिया। देरशाम काम समाप्त कर घर लौटते समय वह खिन्नी मोड़ के पास अचेत होकर गिर गया। साथियों की मदद से परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि परिजनों ने सर्पदंश से मौत होने की सूचना दी थी।

### पंचर की दुकान से चोरों ने पार किया हजारों का सामान

**संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार :** चोरों ने बीती मंगलवार रात चौकी परिसर से मात्र 500 मीटर दूर स्थित एक पंचर की दुकान पर धावा बोल दिया। चोर दुकान से हजारों रुपए का सामान चोरी कर चंपत हो गए। कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला कसैटा निवासी मो. असलम पुत्र सफीजान ने चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कस्बे में हरदोई-उन्नाव मार्ग किनारे उसकी पंचर की दुकान है। वह रोज की भांति बीती मंगलवार रात दुकान बंदकर घर चला गया था। तभी रात में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे बाइक के 15 ट्यूब और 7 टायर, लोडर के 2 ट्यूब, ट्रैक्टर ट्राली के 3 ट्यूब, एक जैक व एक मोटर पंखा सहित अन्य कीमती समान चोरी कर भाग निकले। बुधवार सुबह दुकान पहुंचने पर उसको घटना की जानकारी हो सकी। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर की।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक से मारपीट

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पटियारा गांव में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पड़ोसियों ने युवक की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हाजीपुर चौकी क्षेत्र के पटियारा गांव निवासी अनिल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब दस बजे वह घर पर था। तभी गांव के मनोज निषाद, सीताराम और गजराज उसके घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। अनिल ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने उसे पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में उसे चोटें आईं। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजा और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती से मारपीट व छेड़खानी का आरोप, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने मोहल्ले के ही चार लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और छेड़खानी का आरोप लगाया है। घटना 27 जून की है, जब युवती गली से गुजर रही थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि वह अपने घर से काम के लिए निकली थी, तभी मोहल्ले के गरफू, गहेशर, आसना और फरहान ने उसे अकारण गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकतें कीं। युवती की शिकायत पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता आज सौंपेंगे ज्ञापन

**उन्नाव, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने जिले के सभी कांग्रेसियों से कहा कि 3 जुलाई को 11 बजे जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें राज्य सरकार के उस आदेश का विरोध किया जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सालेहपुर करौंदी गांव निवासी लालचंद्र (26) पुत्र राधेलाल बीती 27 जून को किसी काम से कोतवाली क्षेत्र के उनवा गांव गया था। जहां से लौटते समय शाम करीब 5 बजे बम्हना-शेरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मारकर भाग गया था। इससे सड़क पर गिरने से उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा था। वहां से परिजन लालचंद्र को गंभीर हालत में परियर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल लाए थे। जहां उसका इलाज चल रहा था। बीती मंगलवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। यह खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया।

इसके अलावा बुधवार दोपहर एक ऑटो रिक्शा नगर से सवारियां बिठाकर बिल्हौर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव पंचू पुरवा के पास तेज रफ्तार कंटेनर आटो रिक्शा में पीछे से टक्कर मारकर भाग निकला। आटो रिक्शा में बैठे 4 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मुशीर (32) निवासी गांव दरियापुर बांगरमऊ को रेफर कर दिया। जबकि लालता प्रसाद (64) निवासी दरियापुर, उसकी पत्नी सुमन (62) व बेटे सुशील (32) का इलाज जारी है।

## एडीएम ने गंगा कटान क्षेत्र का लिया जायजा, सुनी समस्याएं

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचारः** क्षेत्र के हिंदूपुर गांव में बुधवार को एडीएम ने गंगा कटान का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही बाढ़ चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग को कटने से बचाने व विद्युत सप्लाई शुरू कराने की मांग की।

एडीएम सुशील कुमार गोंड ने गंगा के बढ़ते जलस्तर से हो रहे कटान का स्थलीय निरीक्षण किया। गंगा की धारा किसानों के खेतों का कटान करते हुए इस मार्ग की ओर बढ़ रही है। जिससे मार्ग के कटने की आशंका बढ़ गई है। दबौली के बाढ़केंद्र पर आयोजित बाढ़ चौपाल


गंगा में हो रहे कटान देखते एडीएम व अन्य। अमृत विचार

**मार्ग को कटने से बचाने व विद्युत सप्लाई शुरू कराने की मांग**

में ग्रामीणों ने एडीएम से मांग की कि प्रमुख मार्ग कालीमिट्टी-शिवराजपुर को कटान से रोका जाए। एडीएम ने लोक निर्माण व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से कटान रोकने के साथ मार्ग की सुरक्षा के निर्देश दिये और ग्रामीणों को जागरूक रहने व कोई भी पुलिया, सड़क या बाढ़ से कटान होने की संभावना में सतर्क रहने और सूचना देने के लिए कहा। विद्युत विभाग की लापरवाही से गांव हिंदूपुर में बीते आठ वर्षों से बिजली नहीं पहुंची। जिसकी ग्रामीणों ने शिकायत की। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताई। एडीओ पंचायत हेमंत कुमार को सफाई के निर्देश दिए।

### गंगा के जलस्तर में तीन सेंमी दर्ज की गई गिरावट

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट का जलस्तर पिछले कई दिनों से बढ़ रहा है लेकिन बुधवार को जलस्तर में मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद तेजी से घाटों की ओर पानी फैल रहा है। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण मंगलवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 109.580 मी. दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार को केन्द्रीय जल आयोग ने जलस्तर सुबह आठ बजे 109.470 मीटर दर्ज किया गया।

## वृद्धा की ट्रक से कुचलकर मौत

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। सड़क के किनारे बैठकर अपनी भैंस चरा रही बुजुर्ग महिला को ट्रक ने कुचल कर दिया। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई। कोतवाली देहात के बंदरहिया मजरा आशा गांव की 75 साल की छोटका पत्नी छोटे मंगलवार की शाम को सीतापुर रोड से आशा गांव को जाने वाले रास्ते पर भैंस चरा रही थी, उसी बीच उधर गैस सिलेंडर के गोदाम जा रहे पेट्रोलियम गैस सिलेंडर के ट्रक ने टक्कर मार और उसे कुचलते हुए निकल गया, हादसे में बुज़ुर्ग छोटका की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। ड्राइवर ट्रक ले कर भागता, लेकिन उससे पहले उन दोनों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए बुधवार को दूसरे दिन उसका पोस्टमार्टम कराया है।


मृतका छोटक्का की फाइल फोटो।

बुज़ुर्ग छोटका के पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। उसके चार बेटों में सबसे बड़ा श्रीराम, उसके बाद रामप्रसाद, रामनाथ और इन्द्रपाल के अलावा दो बेटियां थीं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, इन्द्रपाल की भी पहले मौत हो चुकी थी। छोटका इन्द्रपाल की पत्नी और उसके बच्चों के साथ रह कर उनके गुज़र-बसर का ज़रिया बनी हुई थी।

### कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

**कछौना (हरदोई), अमृत विचार।** हरदोई-लखनऊ नेशनल हाईवे पर भीरीघाट पेट्रोल पंप के पास बेकाबू कार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भवानीपुर निवासी रामखेलावन (35) कछौना कस्बे में निजी काम से जा रहा था। वह खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिवार में पत्नी रामवती के अलावा तीन पुत्र और दो बेटियां हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


शोपीस बना सार्वजनिक शौचालय। अमृत विचार

### सार्वजनिक शौचालय में एक हफ्ते से पानी नहीं

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर की पुरानी तहसील परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति चिंताजनक हो गई है। पिछले एक सप्ताह से शौचालय में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित इस शौचालय का समरसेबल खराब पड़ा है। तहसील में आने वाले सैकड़ों लोगों को इस शौचालय का उपयोग करना पड़ता है। पानी न होने के कारण सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक परेशान हैं। आसपास के दुकानदार और निवासी इस स्थिति से नाराज हैं। नगर पालिका के कर्मचारियों के अनुसार, अधिशासी अधिकारी इस समय ट्रेनिंग पर हैं। वापस आने के बाद ही इस समस्या को देखेंगे।

## नाले से बरामद बच्ची के शव का हुआ पोस्टमार्टम, ग्रामीणों में गम और गुस्सा

संवाददाता, हरदोई

फॉलोअप

**अमृत विचार।** गुम हुई बच्ची की मौत को लेकर अभी भी पूरा गांव गुस्से में है। मातम में डूबे गांव के गलियारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस की पकड़ में आया आरोपी सचिन कितना सच बोल रहा है, यह लोग जानना चाहते हैं, घटना की क्या वजह रही कि मासूम को जान गंवानी पड़ी।

बताते चलें कि रविवार की सुबह पचदेवरा थाने के एक गांव से छह साल की बच्ची खेलते-खेलते गुम हो गई। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, पुलिस भी जांच पड़ताल कर रही थी, इसी बीच संदेह के आधार पर गांव निवासी एक पूर्व सैनिक के घरेलू नौकर सचिन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सचिन बिहार का निवासी है, कड़ाई से पूछताछ के बाद सचिन की निशादेही पर बच्ची का शव नाले से बरामद किया गया था। पुलिस का कहना है कि सचिन ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है, उधर दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंके जाने की अटकलों के बीच बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बच्ची से दुष्कर्म हुआ या नहीं, इसका सही पता नहीं लगा है, लेकिन उसके प्राइवेट पार्ट पर चोंटे होने की बात सामने आई है। साथ ही स्लाइड भी तैयार की गई थी। बच्ची की मौत के चौथे दिन बुधवार को पूरा गांव मौत के मातम के साथ गुस्से में है, वहां के गलियारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस कह चुकी है कि आरोपी सचिन ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया, लेकिन अभी इस का बात खुलासा नहीं हुआ है कि सचिन ने बच्ची की हत्या क्यों की।

### बहनोई के अंतिम संस्कार से लौट रहे लोगों से मारपीट, केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** बहनोई के अंतिम संस्कार से लौट रहे महिलाओं समेत चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अन्दउ निवासी सुनील कुमार ने बताया कि सांडी निवासी बहनोई संजय की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। बहन की जेठानी का मायका माधौगंज थाना क्षेत्र के गांव नईबस्ती में है। बहनोई की मौत की सूचना पर वह परिजनों के साथ सांडी गए थे, जहां पर उन लोगों की जेठानी से बातचीत हो गई। मंगलवार की दोपहर बाद सभी घर लौट रहे थे। बताया कि तेरवाकुल्ली रोड पर मटियामऊ गांव के निकट नईबस्ती निवासी लालाराम, मुकेश उनके अज्ञात पांच साथियों ने मिलकर सुनील, उनकी भाभी रामवती, कंचन, विमला को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर राहगीरों ने बचाया। घटना का वीडियो पड़ोस में लगे पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद हुआ है। थाना अध्यक्ष बालेन्द्र मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर कराएं निस्तारण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बुधवार को जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में जन शिकायतों को सुना तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई के दौरान कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। कुल चार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही कुल 134 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बटवारा, पैमाइश व अविवादित वरासत के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। धारा 38 के वादों को तेजी से निस्तारित कराया जाये। रिपोर्ट लगाने में अनावश्यक देरी न की जाये। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। भूमि विवाद के मामले में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर त्वरित कराये। तारांकित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाये। कहा कि यदि महिला का आवास कच्चा है तों उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाये। इसके साथ ही उन्होंने महिला को निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ दिलाने को कहा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नहने राम व उपजिलाधिकारी भूमिका राजबहादुर आदि मौजूद रहे।


शिव संकट हरण सकाहा मंदिर पर अधिकारिरयों को निर्देश देते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने कावड़ यात्रा मार्ग व शिव मंदिर का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने प्रसिद्ध शिव संकट हरण सकाहा मंदिर व कावड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कांवरियों के लिए व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के आदेश दिए। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए व्यवस्था यातायात व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने को कहा। भारी वाहनों को मंदिर से पहले ही रोकने के निर्देश दिए। मंदिर के आसपास साफ सफाई पेयजल आदि की व्यवस्था रखने, अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए। इस एसडीएम सदर सुशील मिश्रा एएसपी एमपी सिंह मौजूद रहे।


लोगों से जानकारी लेते क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान।

### सीओ ने मोहर्रम चौकों का किया निरीक्षण

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर नगर में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय यादव व कस्बा इंचार्ज फहीम खान ने नगर के मोहर्रम चौकों पंचायती ताजिया इमाम चौक, मोहल्ला दुर्गा मंदिर इमाम चौक का निरीक्षण किया। इस दौरान इमाम चौक रोड पर बल्लियों के सहारे चल रही विद्युत लाइन को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए विधुत विभाग को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि मोहर्रम पर्व में शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए मोहर्रम चौकों का निरीक्षण किया गया, जिससे आगामी पर्व मे शान्ति व्यवस्था कायम रह सके।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने आए संविदा विद्युत कर्मी। अमृत विचार

### संविदा कर्मियों को पिछले तीन महीने से नहीं मिला वेतन

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पिछले तीन महीने से बिना मानदेय काम कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मियों का गुस्सा फूट गया। बुधवार को दर्जनों कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे संविदा विद्युत कर्मियों ने कहा कि वह विद्युत विभाग में वर्ड क्लास सर्विसेस एजेंसी के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। इन लोगों को अप्रैल से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय के लिए जब यह सुपरवाइजर से कहते हैं तब वह विद्युत विभाग के अधिकारियों के पास भेज देते हैं। विभागीय अधिकारी सर्विस प्रोपाइटर के कर्मचारी होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं। वेतन न मिलने से उनके बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों के सामने रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप कर वेतन दिलवाने की गुहार लगाई। अब्दुल अलीम, पुष्पेंद्र कुमार, अभिषेक मिश्रा, राजेश सिंह, सूरज सिंह सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।


## ट्रेनों में नकली किन्नर व अवैध वेंडरों पर वसूली का आरोप, रेलवे को भेजा पत्र

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर लगातार अराजकतत्वों का बोलबाला बढ़ रहा है। यह बोलबाला ट्रेनों तक पहुंच चुका है। हरदोई से अवैध वेंडर के साथ नकली किन्नर भी ट्रेनों में यात्रियों से अभद्रता व वसूली करते हैं। पंजाब चंडीगढ़ लुधियाना से आने वाली ट्रेनों में नकली किन्नर अनारक्षित कोच में लगातार यात्रियों से वसूली करते हैं जिसकी शिकायत भी कई बार हुई है, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। साथ ही हरदोई व आसपास के रेलवे स्टेशनों से अवैध वेंडर ट्रेनों में अधिक दामों पर और लोकल सामान बेचकर यात्रियों को ठगने का काम कर रहे हैं। हालांकि यह सब रेल अधिकारियों की नाक के नीचे होता है और उन्हें जानकारी नहीं होती। इस संबंध में राघवेंद्र नाम के व्यक्ति ने रेल मंत्रालय को एक पत्र लिखकर शिकायत की है। राघवेंद्र ने सोशल मीडिया पर भी रेल अधिकारियों से शिकायत की है। राघवेंद्र ने अपने पत्र में अवैध वेंडर व यात्रियों से नकली किन्नर बनकर वसूली की शिकायत की है। राघवेंद्र ने अपने पत्र में कहा हरदोई से आलमनगर लखनऊ रूट की ट्रेनों में निरंतर कुछ व्यक्तियों द्वारा रेलवे स्टेशनों में अवैध कार्य किया जा रहे हैं जो न केवल रेलवे नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

राघवेंद्र ने अपने पत्र में बताया कि सभी व्यक्तियों पर पूर्व में 30 दिसंबर 2023 से कई बार चालान हो चुका है फिर भी यह लोग पैसा देकर कानून व्यवस्था प्रभावित कर रहे हैं। राघवेंद्र ने संबंधित लोगों पर सख्त सख्त कार्रवाई की मांग अपने पत्र में की है। सोशल मीडिया पर राघवेंद्र के पत्र के बाद आरपीएफ मुरादाबाद द्वारा हरदोई संडीला बालामऊ के प्रभारी निरीक्षकों को मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

## महाजन के कर्ज के दबाव में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** सारा दिन खेत पर काम करने के बाद अधेड़ शाम को घर पहुंचा। रात में सारे लोगों ने एक साथ बैठ कर खाना खाया, उसके बाद घर वाले अलग-अलग सोने के लिए चले गए। उसी बीच अधेड़ घर से बाहर निकला, बुधवार की सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला। वहां पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच-पड़ताल कर रही है। बताते है कि अधेड़ ने बेटी की शादी के लिए महाजन से कर्ज़ ले रखा था, उसी की अदायगी के दबाव के चलते ऐसा कदम उठाया। साण्डी थाने के कोईलाई गांव निवासी अधेड़ रामबरन खेती-बाड़ी करता था। मंगलवार को सारा दिन खेत-खलिहान में जूझता रहा, उसके बाद शाम को घर पहुंचा, रात में उसने सबके साथ बैठकर खाना खाया, उसके बाद लोग अपने-अपने ठिकानों पर सोने के लिए चले गए, पूरी रात हो गई, उसके अगले दिन बुधवार की सुबह गांव के किनारे खड़े चांदनी के पेड़ में रामबरन का लटका हुआ शव देखा। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। रामबरन के दो बेटे व तीन बेटियां है। इसका पता होते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची, पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। रामबरन की मौत पर उसकी पत्नी कलावती ने रोते हुए बताया कि बेटी की शादी के लिए एक महाजन से कर्ज़ लिया था, महाजन अदायगी के लिए दबाव बना रहा था, उसी के चलते उसने आत्महत्या की, हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।



## एक नजर

### हमें शान्ति और सौहार्द शिक्षा देता है मोहर्रमः मौलाना

**बांगरमऊ उन्नाव :** नगर के मोहल्ला गोलकुआं स्थित हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मो. ज़ियाउल हक़ चिश्ती ने मोहर्रम की फजीलत बयान करते हुए कहा कि इस्लाम धर्म में विश्वास करने वालों का मोहर्रम प्रमुख त्यौहार है। इस माह की कई विशेषताएं व महत्व हैं। मौलाना ने कहा कि इस महीने को इस्लाम धर्म के चार पवित्र महीनों में शामिल किया जाता है। पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने इस माह को अल्लाह का महीना कहा है। इस माह मनाया जाने वाला त्यौहार माह के पहले दिन से शुरू होकर 10वें दिन तक चलता है। उन्होंने इस माह में घटित महत्वपूर्ण घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सन 680 में कर्बला नामक स्थान मे एक धर्म युद्ध हुआ था। जो पैगम्बर हजरत मुहम्मद के नाती व अधर्मी यजीद के बीच हुआ। इस धर्म युद्ध में वास्तविक जीत हज़रत इमाम हुसैन की हुई। पर जाहिरी तौर पर यजीद ने हज़रत इमाम हुसैन और उनके सभी 72 साथियों को शहीद कर दिया था। तभी से दुनिया के न सिर्फ़ मुसलमान बल्कि दूसरी क़ौमों के लोग भी इस महीने में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का ग़म मनाकर उन्हें याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस माह में रोजा रखने की खास अहमियत है। रमजान के अलावा सबसे उत्तम रोजे वे हैं जो अल्लाह के महीने यानी मोहर्रम में रखे जाते हैं। मोहर्रम की जाने वाली इबादतों का भी बड़ा सवाब है।

# करंट की चपेट में आकर मां-बेटे की मौत

## खरगौरा गांव में धान की बेड़ खोदते समय नलकूप में दौड़े करंट से हुआ हादसा, नानी भी झुलसी


माया व रवि की फाइल फोटो।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार


घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**संवाददाता सफीपुर उन्नाव**

**अमृत विचारः** आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव स्थित खेत में धान की बेड़ लगाते समय सरकारी नलकूप में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक व उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। नाती और बेटी को बचाने में वृद्ध मां भी करंट की चपेट में आ गई। चीख सुन लोगों ने नलकूप का स्विच ऑफ किया और घायलों को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां मां-बेटा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं नानी का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को मोर्चरी भेजा है।

आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव निवासी रामराज अपनी पत्नी माया (50), बड़े बेटे रवि (35) व सास शिवरानी (70) पत्नी श्यामलाल के साथ खेत में रोपाई के लिए धान की बेढ़ खोद रहा था। तभी अचानक उसके खेत के बगल में लगे सरकारी नलकूप में पानी निकासी के लिए लगे लोहे के पाइप में कटा केबिल छूने से पानी में करंट दौड़ गया। जिसकी चपेट में आकर रवि गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी चीख सुन बेटे को बचाने पहुंची माया भी करंट की चपेट में आ गई। नाती व बेटी को छटपटाता देख शिवरानी ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तभी वह भी गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे के समय पास के खेत मौजूद व्यक्ति ने दौड़कर नलकूप का मेन स्विच बंद किया और परिजनों की मदद से घायलों को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने रवि व माया को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवरानी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। मां-बेटे की मौत से घर में मातम छा गया। मृतका माया के पांच बेटों में रवि सबसे बड़ा था। रवि की मौत से पत्नी आरती बेहाल है। उसके तीन बच्चों में बड़ी बेटी नैंसी (8), छोटी बेटी आरोही (3) व बेटा अभी (5) है। वहीं मां व भाई की मौत से बबलू, बहादुर, विकास व विपिन रो-रोकर बेहाल हैं।

### नलकूप ऑपरेटर पर लापरवाही बरतने का आरोप

घटना को लेकर ग्रामीणों ने नलकूप ऑपरेटर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंचे एसओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच में करंट से मौत होने की बात सामने आई है। शवों को मोर्चरी भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिकायत पर लेखपाल ने खाली कराई सरकारी जमीन


नवीन परती जमीन से कब्जा हटवाते लेखपाल। अमृत विचार


टेंपो स्टैंड पर बने वॉटर एटीएम की टूटी जालियां, पड़ी गिट्टियां। अमृत विचार

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचारः** ग्राम खैरहा गैर एहतमाली में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को लेखपाल की टीम ने कार्रवाई कर हटवा दिया है। यह कार्यवाही आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर सीमेंटेड बाउंड्री बनाकर कब्जा कर लिया है।

बुधवार दोपहर लेखपाल अशोक सैनी व उदयभान सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच में ग्राम खैरहा गैर एहतमाली स्थित भूमि संख्या 84, रकबा 0.111 हेक्टेयर (करीब नौ बिस्वा), जो नवीन परती भूमि के रूप में दर्ज है, पर अवैध कब्जा पाया गया। कुछ लोगों द्वारा इस भूमि पर पक्की दीवार खड़ी कर घेराबंदी की गई थी। लेखपालों ने बिना किसी विरोध के बाउंड्री वॉल को हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि यह जमीन पूरी तरह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नवीन परती भूमि है और आमजन के उपयोग में लाई जा सकती है। लेखपाल ने कार्यवाही की सूचना उच्चाधिकारियों को भी भेज दी है। इस कार्यवाही के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है।

### कब्जेदारों में हड़कंप

**कार्यदायी संस्था की लापरवाही से टूटी वॉटर एटीएम की जालियां, शुक्लागंज (उन्नाव):** नवीन पुल के नीचे बनारस की तर्ज पर बन रहे गंगा आरती स्थल के निर्माण में कार्यदायी संस्था की लापरवाही सामने आई है। निर्माण कार्य के लिए मंगाई गई गिट्टी को टेंपो स्टैंड के पास पालिका द्वारा लगाए गए वॉटर एटीएम के समीप उतार दिया गया, जिससे एटीएम की जालियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

नगर पालिका की ओर से नगर के प्रमुख स्थानों पर यात्रियों और राहगीरों की सुविधा हेतु वॉटर एटीएम लगाए जा रहे हैं। बालूघाट टेंपो स्टैंड के पास भी एक वॉटर एटीएम लगाया गया था, जो अभी चालू नहीं हो सका है। इधर, गंगा किनारे आनंद घाट पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में गंगा आरती स्थल का निर्माण चल रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण सामग्री के रूप में भारी मात्रा में गिट्टी मंगवाई गई, जिसे बिना समुचित ध्यान दिए वॉटर एटीएम के निकट खाली कर दिया गया। गिट्टी के दबाव से वॉटर एटीएम की लोहे की जालियां टूट गईं। वहीं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ठेकेदार को इसकी सूचना दे दी गई है और कार्यदायी संस्था को चेतावनी जारी की जाएगी।

# हाईकोर्ट ने सीओ सर्किल बांगरमऊ मामले में आईजी को 10 दिन का दिया समय

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव**

**अमृत विचारः** उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ ने सीओ सर्किल बांगरमऊ में परिवर्तन को लेकर आईजी जोन लखनऊ को 10 दिन में अदालत को सूचित करने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद ने बीती 28 मार्च को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सीओ सर्किल बांगरमऊ के थाना आसीवन व औरास को सीओ सर्किल सफीपुर व हसनगंज में जोड़े जाने और थाना फतेहपुर चौरासी को सीओ सर्किल बांगरमऊ से जोड़ने की मांग की थी। अधिवक्ता का तर्क है कि थाना आसीवन की बांगरमऊ से दूरी 30 किलोमीटर व थाना औरास की दूरी 45 किलोमीटर है। जबकि सफीपुर सर्कल से थाना आसीवन की दूरी मात्र 16 किलोमीटर है। इसी तरह हसनगंज सर्किल से थाना औरास की दूरी मात्र 22 किलोमीटर है। इसलिए जनहित में सीओ सर्कल में परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने बीती 29 अप्रैल को प्रमुख सचिव गृह को भी इसी संबंध में पत्र भेजा था। किंतु उन पत्रों पर कोई कार्यवाही न होती देख उन्होंने बीते 30 मई को हाईकोर्ट लखनऊ में जनहित याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई 1 जुलाई को न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह ने की। इस दौरान अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता इंद्रजीत शुक्ला ने उच्च न्यायालय को जानकारी दी कि इस मामले पर निर्णय लेने के लिए पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन को मामला भेजा गया है। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने 10 दिन में पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन के निर्णय से उच्च न्यायालय को सूचित करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 14 जुलाई 2025 को नियत की गई है।

### आदेश पारित

▸▸ **हाईकोर्ट के अधिवक्ता ने सीओ सर्किल बांगरमऊ से संबंधित याचिका दायर की थी**

# 11 व 12 को होगी हाईस्कूल इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट की प्रयोगात्मक परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचारः** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने कहा कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा/आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा व इंटर कम्पार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 व 12 जुलाई को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोती नगर में आयोजित होंगी।

वर्ष-2025 की इंटर कम्पार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने हेतु संबंधित छात्र-छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर इन तिथियों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हाईस्कूल में आन्तरिक मूल्यांकन के विषयवार अंकों की सूची को व इंटर के प्रयोगात्मक परीक्षक प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्तांकों से संबंधित ओएमआर शीट को क्षेत्रीय कार्यालयों में 16 जुलाई 25 तक जरूर उपलब्ध करा देंगें।

**दो पालियो में होगी इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट परीक्षाः** हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट व इंटर कम्पार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई 25 को दो पालियों में होगी। सुबह पाली की परीक्षा साढ़े 8 से 11:45 बजे तक और इंटर की कम्पार्टमेंट परीक्षाए शाम पाली में 2 से 5:15 बजे तक होंगी। जिले में हाईस्कूल के 45 व इंटर के 363 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिले के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कहा कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेन्ट व इंटर के प्रधानाचार्य पंजीकृत परीक्षार्थियों के प्रवेशपत्र डाउनलोड कर प्रतिहस्ताक्षरित करते हुए परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

### सूने घर से चोरों ने नकदी व जेवरात किए पार

**औरास, उन्नाव :** औरास थानाक्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी राजेश पुत्र रामऔतार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ हैदराबाद तेलंगाना में रहता है। सोमवार रात चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर तालाब के किनारे स्थित घर के पीछे दरवाजे का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, पीतल के बर्तन व 5 हजार नकद लेकर रफूचक्कर हो गए। सुबह पड़ोसियों ने दरवाजा खुला देख गृहस्वामी को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे गृहस्वामी ने घर आकर वहां बिखरा सामान देखा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षकों ने रैली निकालकर बच्चों को स्कूल भेजने की आमजन से की अपील

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव**


हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों द्वारा ब्लॉक कार्यालय से बुधवार को स्कूल चलो अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर ने बेसिक स्कूलों के शिक्षकों द्वारा आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ब्लॉक कार्यालय से चलकर उन्नाव-हरदोई मार्ग से महाराजा सनातन पासी द्वार पहुंची। फिर वापस आकर ब्लाक कार्यालय में समाप्त हुई। इसमें शिक्षकों ने आमजन से अपने बच्चों का दाखिला बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में करवाने और स्कूल भेजने की की अपील की। इसमें बांगरमऊ के खंड शिक्षाधिकारी देवेन्द्र सिंह व गंजमुरादाबाद के खंड शिक्षाधिकारी देवेन्द्र कुमार व खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा के अलावा रजनीश कटियार, अजय पाल, जमाल अहमद, सुधीर यादव, सेमिना दीक्षित, उपासना शुक्ला व संजय कुमार सहित आधा सैकड़ा प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के शिक्षक शामिल रहे।

**समस्या** करीब 50 घरों में अस्थाई रूप से बंद की गई थी बिजली, भीषण गर्मी में लोग रहे परेशान

# फीडर ब्रेकडाउन और पेड़ छंटाई से कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचारः** नगर में बुधवार को बिजली आपूर्ति पूरे दिन प्रभावित रही। फीडर-1 में एचटी लाइन का जंपर उड़ जाने और फीडर-3 में पेड़ों की डाल कटाई के कारण कई मोहल्लों में बिजली सप्लाई घंटों बंद रही। वहीं अलीनगर में ट्रांसफार्मर से एक फेस न आने से आधा सैकड़ा घरों में दिनभर अंधेरा पसरा रहा।

दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक रोस्टिंग के चलते पूरे नगर की आपूर्ति अस्थाई रूप से बंद की गई थी। लेकिन रोस्टिंग खत्म होने के बाद भी तकनीकी खराबियों ने बिजली बहाली में बाधा डाली। फीडर-1 के अंतर्गत अंविकापुरम् में एचटी लाइन का जंपर उड़ गया, जिससे फीडर से जुड़े दर्जनों मोहल्लों की सप्लाई शाम 5 बजे तक बंद रही। उधर, फीडर-3 में पेड़ों की डालियों की छंटाई का कार्य किया गया, जिससे रोस्टिंग के बाद भी बिजली आपूर्ति शाम 4:30 बजे तक बाधित रही। इसके अलावा अलीनगर में सुबह से ट्रांसफार्मर में एक फेस नहीं आ रहा था, जिसके कारण करीब 50 घरों की सप्लाई देर शाम तक बाधित रही। बिजली विभाग की तकनीकी टीमों ने देर शाम तक आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए। वहीं भीषण गर्मी में बिजली न रहने से लोग परेशान रहे।


अंबिकापुरम में मरम्मत कार्य करता विद्युत कर्मी। अमृत विचार

**सरोजा लॉन पर आज लगेगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मरः** नगर में ओवरलोड की समस्या को देखते हुए बिजली विभाग ने सरोजा लॉन के पास नया 250 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को कार्यदायी संस्था ने पोल लगाकर स्थान चिन्हित किया। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को ट्रांसफार्मर को पोल पर स्थापित किया जाएगा। यहां पहले से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था, जो क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा नहीं कर पा रहा था। नया ट्रांसफार्मर लगने से आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा।

### डिफाल्टर उपभोक्ताओं को एलपीएससी छूट का फिर मिला मौका

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** उप्र पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के तहत डिफाल्टर उपभोक्ताओं को विलम्बित भुगतान अधिभार (एलपीएससी) में छूट पाने का एक और मौका दिया है। यह फैसला वितरण निगमों के सुझावों पर लिया गया है। जिससे उन उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी जो पूर्व में पंजीकरण कराने के बावजूद निर्धारित समय में भुगतान नहीं कर सके थे। विभाग के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने जानकारी दी कि ओटीएस योजना में पंजीकृत ऐसे उपभोक्ता, जिन्होंने एकमुश्त या किश्तों में भुगतान का विकल्प चुना था, परंतु किसी कारणवश निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं कर सके और डिफाल्टर हो गए, अब दोबारा छूट के पात्र होंगे। छूट का लाभ लेने के लिए उन्हें 31 जुलाई, 2025 तक अपने शेष बकाया के साथ एक हजार या एलपीएससी में मिलने वाली छूट राशि का 10 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, का भुगतान एकमुश्त करना होगा। शेष बकाया का अर्थ वर्तमान कुल बकाया से एलपीएससी की संभावित छूट घटाने के बाद की राशि है। पुन: पात्र उपभोक्ताओं का पूर्व पंजीकरण स्वत: प्रभावी होगा, नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। भुगतान के लिए विभागीय खंड/उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र, विद्युत सखी, फिनटेक प्रतिनिधि, मीटर रीडर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट के विकल्प उपलब्ध होंगे। यदि उपभोक्ता निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं करता है, तो छूट निरस्त हो जाएगी और छूटी गई राशि पुन: बिल में जोड़ दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 8000 पौधों का लक्ष्य, 13 जगह होगा पौधरोपण

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका गंगाघाट ने इस वर्ष जुलाई में होने वाले वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र में 8000 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। पालिका ने इसके लिए नगर के 13 स्थानों का चयन कर शासन को रिपोर्ट भेजी है। शासन से पौधे उपलब्ध होते ही जनसहयोग से पौधरोपण शुरू होगा। जुलाई माह में मानसून की सक्रियता को देखते हुए हर वर्ष शासन की ओर से वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है, ताकि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सके। इसी क्रम में नगर पालिका भी पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रतिवर्ष पौधरोपण अभियान में भाग लेती है। इस वर्ष पालिका को नगर में कुल 8000 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके लिए नेतुआ एमआरएफ सेंटर, सीएनडी सेंटर नेतुआ, कान्हा गौशाला, ऋषि नगर जगदंबा पार्क, मिश्रा कालोनी स्वर्गधाम आश्रम, आनंद घाट, पंचशील बौद्ध विहार, रविदास पार्क, श्रीनगर कूड़ा प्रबंधन केंद्र, फोरलेन डिवाइडर सहित 13 सार्वजनिक स्थलों का चयन किया गया है। पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। जैसे ही पौधे प्राप्त होंगे, रोपण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पौधारोपण में जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके।

### ब्लॉक लेकर किया गया ओएचई का मेंटीनेंस कार्य


अप लाइन पर ओएचई की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर रेल रूट पर स्थित अप लाइन की ओएचई लाइन की मरम्मत का कार्य बुधवार को 50 मिनट का ब्लॉक लेकर किया गया। यह कार्य गंगाघाट रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे गंगापुल तक संपन्न हुआ। ब्लॉक के दौरान अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से प्रभावित रहा। बुधवार सुबह ओएचई निरीक्षण यान के टेक्नीशियन गंगाघाट स्टेशन पहुंचे और स्टेशन अधीक्षक को ब्लॉक हेतु मेमो दिया। कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद सुबह 11:00 बजे से 11:50 बजे तक कुल 50 मिनट का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान टॉवर वैगन की सहायता से अप लाइन की ओएचई लाइन का निरीक्षण और मरम्मत की गई। मरम्मत के दौरान ओएचई पर जमी कार्बन सफाई की गई और अन्य तकनीकी खामियों को भी दूर किया गया ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न आए। ब्लॉक अवधि समाप्त होते ही रेल संचालन को पुन: बहाल कर दिया गया। रेलवे विभाग द्वारा इस कार्य को सुरक्षा मानकों के तहत सावधानीपूर्वक संपन्न कराया गया।

### मां को पौधा देकर उसकी देखरेख को किया प्रेरित

**संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** वन रेंजर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत नई पहल शुरू की। रेंजर ने सीएचसी अधीक्षक के साथ नवजात शिशुओं के परिजनों को पौधे वितरित कर उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वन विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। वन रेंजर हिमाद्री कुरील ने बुधवार को अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार के साथ सीएचसी नवाबगंज में जन्मे नवजात बच्चों की मां को पौधा देकर उनकी देखरेख के लिए प्रेरित किया। कहा कि पौधे नवजीवन के प्रतीक हैं। इस पौधे को घर के आसपास रोपित कर उसकी देखभाल व सुरक्षा अपने नवजात शिशु की भांति करें। जिससे यह पौधा भविष्य में फलदार वृक्ष का रूप लेकर आपकी सन्तान की तरह ही आपके जीवन में सहयोगी व सहभागी बने। महिला वार्ड में चार प्रसूताओं को फलदार पौध देकर प्रशस्तिपत्र दिया। इस दौरान उनके साथ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, स्टाफ नर्स रीना यादव, शिल्पा देवी, कीर्ति, रामनरेश सिंह आदि ने 21 फलदार पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इसमें ग्राफ्टेड आंवला, नींबू, मौसम्मी, अमरूद आदि के 50 पौधे स्वास्थ्य कर्मियों व ग्रामीणों को वितरित किये। वन विभाग के एसआई रिषभ सिंह व प्रीति पटेल, वन रक्षक जितेंद्र पांडे, मोहिनी तिवारी, कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर दिव्यांगों को किया सम्मानित


दिव्यांगजनों को उपहार भेंट करते सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव। अमृत विचार

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. मुन्ना अल्वी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया। इसमें सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने अनाथ व दिव्यांग जनों को सम्मानित किया। नगर के हरदोई मार्ग स्थित एक अतिथि गृह में हुए समारोह में जिलाध्यक्ष और डॉ. अल्वी ने एक सैकड़ा से अधिक अनाथ व दिव्यांगजनों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही डा. अल्वी ने अपने क्लीनिक पर सभी अनाथ व दिव्यांगजनों के नि:शुल्क इलाज की भी घोषणा की। इस दौरान मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में वर्ष-2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को प्रदेश का सीएम बनाने का संकल्प लिया। इसमें कन्नौज के पीडीए पंचायत कार्यक्रम प्रभारी आरिफ़ जमा, ज़िला उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी शिवशंकर गौतम, जिला उपाध्यक्ष हाजी सैयद इरफ़ान, प्यारेलाल कश्यप, प्रेम यादव, राधेलाल निषाद, मुफीस राईन, शैलेंद्र पाल, रामऔतार यादव, मनीष दीक्षित, राधेश्याम यादव, संजय, शिवम, रंजीत गौतम, अरविंद रावत, हरदयाल गौतम, डॉ. राजपाल, सुरेश कुशवाहा, विनय यादव, श्रवण यादव, लवकुश, मोनू, नदीश यादव, अर्जुन, दानिश शानू खान, जाहिद आदि शामिल हुए। अध्यक्षता डॉ. रामपाल कुशवाहा व संचालन संजीव शुक्ला ने किया।

### उन्नाव वेटेरंस क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन बने संजय राठी


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का होता सम्मान। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** उन्नाव वेटेरंस क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक में संजय राठी चेयरमैन, राजकुमार यज्ञसेनी अध्यक्ष, पीके मिश्रा, अतुल तिवारी व अमित मिश्रा उपाध्यक्ष, राजेंद्र त्रिपाठी मंत्री, संजय श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, नवीन सिन्हा कोषाध्यक्ष, विकास सिन्हा मीडिया प्रभारी व अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर', ओम मिश्रा व आशीश निगम कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वसम्मति से चयनित हुए। संजय राठी ने कहा कि कुछ और लोगों को जोड़कर एसोसिएशन को और मजबूत किया जायगा। शीघ्र ही जिले के 40 वर्ष से अधिक उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच मैच आयोजित होंगे। जिले की यह टीम उप्र वेटेरंस क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित डा. गौरहरि सिंघानियां प्रदेश स्तरीय वेटेरंस क्रिकेट लीग में भाग लेंगी। जिसमें प्रदेश के 30 जिलों की क्रिकेट टीमें प्रतिभाग करतीं हैं।

### पालिका ने संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चलाया अभियान

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। जिस पर पालिका ने बुधवार को पालिका वार्ड दो में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को वार्ड 2 आदर्श नगर में सफाई कर्मियों ने नाला व नाली की सफाई करने के साथ एंटीलार्वा का छिड़काव किया। इसके अलावा जन प्रतिनिधियों व मोहल्ला निगरानी समिति के माध्यम से लोगों को स्वच्छता में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। ईओ ने बताया कि पालिका के सभी वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत गंदगी में पनपने वाली जानलेवा बीमारी डेंगू, चिकनगुनिया, समेत अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में साफ सफाई के साथ एंटी लार्वा दवा छिड़काव कराया जाएगा।

# औरैया में दबंगों ने छात्रों पर फायरिंग की, दुकानदारों में फैल गई दहशत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने सैनिक तिराहे पर चलाई गोली

● तीन युवकों पर नामजद रिपोर्ट पुलिस ने शुरू की तलाश

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्हनगर में बुधवार की दोपहर बाइक सवार युवकों ने कुछ छात्रों के ऊपर फायरिंग की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। इसके बाद बाइक सवार जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी।

ब्रम्हनगर में बाल सैनिक तिराहे पर बुधवार की दोपहर कुछ छात्र आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच वहां बाइक पर सवार तीन-चार युवक पहुंचे और छात्रों के ऊपर फायर कर दिया। फायर होते ही अफरा-तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। एक छात्र ने बताया कि वे लोग सुबह जिम से बाइक पर अपने घर जा रहे थे, तभी पीछे से आई एक स्कार्पियो कार ने हूटर बजाया। उन लोगों ने अपनी बाइक किनारे कर ली थी, लेकिन स्कार्पियो सवार लोगों ने बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया था। दोपहर में वे लोग लाइब्रेरी से लौटे थे और बाल सैनिक तिराहे पर बंद दुकान के सामने आपस में बात करने लगे, तभी वह बाइक पर सवार तीन-चार युवक आए और उनके ऊपर फायर कर दिया। एक फायर तिराहे पर किया, जबकि दूसरा फायर आगे जाकर किया और जान से मारने की धमकी दी। फायरिंग से लोगों में दहशत फैल गई। सीओ सिटी अशोक कुमार ने बताया कि फायरिंग के मामले में बघाकटरा निवासी वैभव चौबे, नौली के अनुज दीक्षित और गोविंद नगर के साहिल दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# 'हैलो! मैं मोहर्रम मनाने के लिए घर आ रहा हूं'

संवाददाता, अजीतमल औरैया

● परिवार ने जिस युवक का शव दफनाया, वह निकला जिंदा

● मुंबई से आया फोन, पुलिस नए सिरे से मामले की जांच में जुटी

**अमृत विचार।** हैलो! मैं मोहर्रम पर घर आ रहा हूं। फोन पर युवक की आवाज सुनते ही न सिर्फ पूरा परिवार बल्कि गांव वाले स्तब्ध रह गए। परिवार में जिस युवक के चालीसवां की तैयारी चल रही थी, उसके जिंदा होने पर सब सन्न रह गए। उधर, पुलिस भी सकते में आ गई है। फिलहाल पुलिस युवक के गांव आने का इंतजार कर रही है, मगर इसी के साथ पूरे मामले की नए सिरे से जांच करने की तैयारी शुरू कर दी है।

यह अजीबो-गरीब मामला अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर गांव का है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरवारहट गांव में 27 जून को 40 वर्षीय एक युवक का शव मिला था। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर फोटो डाली थी। फोटो देखकर अयाना थाना क्षेत्र के सेंगनपुर गांव के रहने वाले शमसुल पुत्र गुलमीर ने अपने चचेरे भाई नूर मोहम्मद के रूप में पहचान की थी। नूर मोहम्मद के पिता तौफीक का इंतकाल हो चुका है। शमसुल ने अपने पड़ोसी नसीम खान के साथ मर्च्युरी में शव को देखकर नूर मोहम्मद के रूप में पहचाना था।

उन्होंने पुलिस को बताया था कि नूर मोहम्मद मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया था। परिवार के लोग शव लेकर घर पहुंचे थे और फिर रात में ही उसे गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। इस समय परिवार के लोग नूर मोहम्मद का चालीसवां करने की तैयारी में जुटे थे। परिवार के युवक की मौत और चालीसवां की तैयारी के बीच घर का माहौल गम में बदला था।

मंगलवार को परिवार और गांव वाले उस समय सन्न रह गए, जब मुंबई से नूर मोहम्मद का गांव के एक दोस्त के पास फोन आया। उसने मोहर्रम पर घर आने की जानकारी दी।

दोस्त ने जब परिवार वालों को बताया तो परिवार के सभी लोग हैरान रह गए। पहले तो एकबारगी किसी को यकीन ही नहीं हुआ, लेकिन जब परिवार के लोगों ने फोन पर नूर मोहम्मद से बात की तो उसकी आवाज की तस्दीक होने से घर का माहौल ही बदल गया। परिवार के लोगों ने फौरन पूरे मामले की पुलिस को सूचना दी। अब पुलिस के सामने उस युवक की शिनाख्त कराने की चुनौती खड़ी हो गई है, जिसका शव कब्रिस्तान में दफनाया गया है।

### सीओ बोले, नए सिरे से होगी पूरे मामले की जांच

अजीतमल सीओ एमपी सिंह का कहना है कि परिजनों ने हमशक्ल होने के कारण गलत पहचान होने की बात कही है। पुलिस अब नए सिरे से जांच करेगी। जिस युवक का शव नूर मोहम्मद के रूप में दफनाया गया है, उसकी पहचान कराने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। फिलहाल नूर मोहम्मद के गांव आने का इंतजार किया जा रहा है। उसके आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बस ने किशोर को रौंदा, हंगामा और जाम

## फफूंद थाना क्षेत्र के माखनपुर गांव में हुआ हादसा, साथी किशोर बस की टक्कर से खेत पर जा गिरा

संवाददाता, फफूंद औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के माखनपुर गांव में बाबा को खाना देकर साइकिल से घर लौट रहे एक किशोर को तेज रफ्तार बस ने सामने से रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साइकिल पर सवार दूसरा किशोर दूर जाकर गिरा, जिससे बच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जानकारी होने पर एसडीएम और कई थानों की पुलिस पहुंच गई। पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

थाना क्षेत्र के माखनपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार राजपूत मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। बुधवार को वह मजदूरी करने गया था। दोपहर में उसका 13 वर्षीय छोटा पुत्र रोहित गांव के बाहर ककोर रोड पर अपने बाबा प्रताप सिंह और दादी पानकुमारी को खाना देने के लिए साइकिल से गया था। उसके साथ गांव का हमउम्र दोस्त गुलशन भी था। खाना देकर दोनों जैसे ही गांव के लिए चले, तभी फफूंद की ओर से तेज रफ्तार आई दिल्ली जाने वाली आम्रपाली एक्सप्रेस बस ने उसे रौंद दिया।


जाम लगाए लोगों को समझाती-बुझाती पुलिस। अमृत विचार


किशोर की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार


रोहित राजपूत।

● घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे लगाया जाम

● पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद शांत हुए गांव वाले

हादसे में साइकिल चला रहे रोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा गुलशन टक्कर लगने से खेत पर जा गिरा, जिससे वह बच गया। हादसे के बाद चालक तेज रफ्तार से बस लेकर भाग निकला और फिर दिबियापुर रोड पर एक ढाबे के पास बस खड़ी कर फरार हो गया। हादसे की जानकारी होते ही आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची फफूंद पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। ग्रामीण अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे।

हालात बिगड़ते देख कई थानों का फोर्स पहुंच गया, लेकिन ग्रामीण शांत नहीं हुए। बाद में सहार थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा और एसडीएम सदर राकेश सिंह मौके पर पहुंचे और बस चालक के खिलाफ कार्रवाई व मुआवजा दिलाने का भरोसा देकर लोगों को शांत किया। एसडीएम और सहार थानाध्यक्ष के आश्वासन पर परिवार वालों ने जाम खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रोहित के बड़े भाई सुमित और मां फूलन देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा। करीबी लोग उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

# प्रदेश सीमा पर नए दस्यु गिरोह की आहट से कांबिग

**चित्रकूट।** क्या चित्रकूट और मप्र सीमा पर कोई नया दस्यु गिरोह पनप रहा है। पुलिस महकमे के साथ आम आदमी के जेहन में यह सवाल है।

चर्चा है कि जिले में कुकुरखवा का गिरोह सिर उठा रहा है। इस गिरोह में 12 हैं, बताया जा रहा है कि दो महिलाएं भी इसमें शामिल हैं। गिरोह में कई समुदाय के लोग हैं। हालांकि इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि न होने से ये महज कयास भी माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और मध्य प्रदेश के सतना-पन्ना जिले की पुलिस जंगलों में कांबिंग कर रही है। आसपास के ग्रामीण दावा करते हैं कि गिरोह जंगल और तराई क्षेत्र में घूम रहा है। यह भी चर्चा है कि ठरी के एक निवासी ने गुमनाम रहते हुए गिरोह की पूरी जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि समय समय पर पुलिस की कांबिंग होती है, जिससे आपराधिक तत्व सिर न उठाने पाएं।आम आदमी में पुलिस और सुरक्षा के प्रति आश्वस्ति रहे।


फिल्म के बारे में जानकारी देते डायरेक्टर सनोज मिश्रा साथ में निर्माता धीरेंद्र राव चौबे व अन्य। अमृत विचार

# 'दी डायरी ऑफ मणिपुर' की 15 से इटावा में शूटिंग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चित हुई माला बेचने वाली वायरल गर्ल मोनालिसा को लेकर बनने वाली फिल्म 'दी डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग 15 जुलाई से इटावा शहर में शुरू होगी।

बुधवार को नुमाइश चौराहा स्थित फिल्म निर्माता धीरेन्द्र राव चौबे के आवास पर प्रेस वार्ता हुई। फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने बताया कि इस फिल्म को बनाने की घोषणा करने के बाद मेरे कुछ प्रतिद्वंदियों ने मुझे झूठे केसों में फंसाने का षडयंत्र रचा। ताकि मैं यह फिल्म न बना सकूं, लेकिन उन कठिनाइयों से निकल कर मैं इस फिल्म की शूटिंग करुंगा। फिल्म के दृश्य इटावा शहर के टिक्सी मंदिर एवं राजा सुमेरशाह के किले पर 15 जुलाई से फिल्माए जाएंगे। इसके लिए मेरी टीम इटावा आ चुकी है। बताया कि यह एक लव स्टोरी पर आधारित कॉमर्शियल फिल्म है। जिसमें कुछ बातें मणिपुर संघर्ष से जुड़ी हुई भी होंगी। फिल्म के निर्माता इटावा निवासी धीरेन्द्र चौबे ने बताया कि सनोज मिश्रा एक बड़े फिल्म डायरेक्टर है, जो डेढ़ दर्जन के करीब फिल्में बना चुके हैं।

## प्रदेश

# यूपी की नौकरशाही में बड़ा बदलाव शीघ्र, मुख्य सचिव जल्द हो रहे रिटायर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की नौकरशाही में इस माह बड़ा प्रशासनिक परिवर्तन होगा। इसी महीने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समेत कई वरिष्ठ आईएएस व पीसीएस अफसर रिटायर होने जा रहे हैं। इससे शासन के विभिन्न विभागों में रिक्तियां पैदा होंगी।

दरअसल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी जुलाई के अंत में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मनोज कुमार सिंह राज्य के सबसे अनुभवी और भरोसेमंद अधिकारियों में गिने जाते रहे हैं। उन्होंने शासन की कई प्रमुख योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। अगर उन्हें सेवा विस्तार न मिला और विदाई हुई तो यह देखना होगा कि नया मुख्य सचिव कौन बनेगा। सूत्रों के अनुसार, सरकार वरिष्ठता, अनुभव और प्रशासनिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए ही चयन करेगी।

हालांकि हाल ही में डीजीपी और आईएएस अरुणेश सिंह को सेवा विस्तार नहीं मिला। दोनों पदों पर बदलाव हुआ। यह बदलाव भी इस बात का संकेत है कि राज्य सरकार अब सेवा विस्तार की नीति पर पुनर्विचार कर रही है और युवा व सक्रिय अफसरों को प्रमुख जिम्मेदारी देने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। अब सरकार का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रशासन को सक्रिय करना, योजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूत बनाना और कानून-व्यवस्था में सुधार लाना रहा है।इस बीच सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय और कार्मिक विभाग में उन आईएएस और पीसीएस अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है, जिन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इसमें उन अफसरों को भी हटाया जा सकता है, जो वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात हैं या जिनके प्रदर्शन पर सवाल उठे ।

### प्रतिदिन दो लोगों की समस्याओं का जड़ से करें समाधान

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से बुधवार को वर्ष 2022 के 7 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। अपने संबोधन में उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें। अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सेवा दूसरों का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए है। दूसरों की सेवा से आत्म-संतुष्टि और उपलब्धि की अनुभूति होती है, जो अन्य किसी सेवा में नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन सबसे बुनियादी और महत्वपूर्ण सेवा है, जिसमें अधिकारियों का सीधा जुड़ाव जनता और उनकी समस्याओं से होता है।

# मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत 27 अगस्त से वाराणसी तक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● रेलवे ने लिया निर्णय, यात्रियों को मिलेगा बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का विस्तार 27 अगस्त से वाराणसी स्टेशन तक कर दिया है। अब यह ट्रेन मेरठ सिटी से वाराणसी और वाराणसी से मेरठ सिटी तक चलेगी। ट्रेन सप्ताह में नियमित रूप से पूर्व निर्धारित स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

अधिकारियों के अनुसार 22490 ट्रेन मेरठ सिटी से सुबह 06:35 बजे प्रस्थान करेगी और 08:40 बजे मुरादाबाद, 10:06 बजे बरेली, 13:55 बजे लखनऊ, 15:55 बजे अयोध्या धाम होते हुए शाम 18:25 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी। वहीं 22489 वाराणसी से सुबह 09:10 बजे चलकर 11:42 बजे अयोध्या धाम, 13:50 बजे लखनऊ, 17:15 बजे बरेली, 18:55 बजे मुरादाबाद होते हुए 21:05 बजे मेरठ सिटी पहुंचेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेल प्रशासन के इस निर्णय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के बीच संपर्क और भी मजबूत होगा। मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम और वाराणसी के यात्रियों को अब एक ही ट्रेन में लंबी दूरी तय करने का अवसर मिलेगा, जिससे समय की भी बचत होगी।

**टनकपुर-मथुरा समर स्पेशल ट्रेन अब अछनेरा तक: बरेली** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए 05062/05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का मार्ग अब अछनेरा तक विस्तार कर दिया है। यह ट्रेन अब 3 से 31 जुलाई तक सप्ताह में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को चलाई जाएगी।

# 'भाजपा समाज को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाती'

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को सरकार का अहंकार है। भाजपा से सावधान रहना है। वह जातियों में नफरत घोलना चाहती है। समाज को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाती है। विपक्षी दलों को बदनाम करने के लिए झूठा प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, मजदूरों सभी को धोखा दे रही है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में जन्मदिन पर बधाई देने आए विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं, नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल भी बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई और आशीर्वाद देने के साथ सहयोग दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा झूठे वादे और नारे देकर जनता को गुमराह करती है। भाजपा नारा विकसित भारत का देती है, लेकिन गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है।

## सार-संक्षेप

### होम स्टे नीति-2025 में 743 भवन स्वामियों ने दिखायी रुचि

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा लागू ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 अंतर्गत बड़ी संख्या में ग्रामीण होमस्टे इकाइयों के स्वामियों ने पंजीकरण कराया है। नीति के अंतर्गत अब तक प्रदेश भर में 743 से अधिक होमस्टे और 30 एग्रो फार्म स्टे इकाइयां पंजीकृत कराई गई हैं ।यह जानकारी बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 राज्य में स्थानीय रोजगार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगी। खासकर उन क्षेत्रों में जहां अभी तक पर्यटन गतिविधियां सीमित थीं। स्थानीय लोग अपने घरों को पर्यटकों की सुविधानुसार तैयार कर रहे हैं। इसके तहत अब प्रदेश के धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटकों को रुकने के लिए होम स्टे की आरामदेह व सस्ती सुविधा मिल सकेगी।

### 30 को इंटर्नशिप पूरी करने वाले भी शामिल होंगे काउंसिलिंग में

**लखनऊ।** नीट एमडीएस 2025 की काउंसिलिंग में अब वे अभ्यर्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिनकी इंटर्नशिप 30 जून 2025 को पूरी हुई है। अभीतक 31 मार्च 2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को ही अर्ह किया गया था। यह सूचना चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने बुधवार को वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमडीएस की 700 सीटों पर दाखिले होने हैं, ऐसे में कोई अभ्यर्थी प्रवेश से वंचित न रह जाए और कॉलेज की सीट रिक्त न रहने पाए, इसलिए डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया, परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार छूट प्रदान की गई है, अब 30 जून 2025 को इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थी भी पंजीकरण कराकर, काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकेंगे।

### कृषि क्षेत्र में सहयोग चाहता है पराग्वे

**लखनऊ।** पराग्वे देश कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए भारत का सहयोग चाहता है। दक्षिण अमेरिका स्थित पराग्वे गणराज्य में भारत के राजदूत डॉ. पीयूष सिंह ने बुधवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता से मुलाकात के दौरान यह जानकारी दी। इस दौरान मंत्री नंदी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल होने के लिए पराग्वे के निवेशकों व उद्यमियों को आमंत्रित किया ।भारत दर्शन की अधिकारिक यात्रा के तहत प्रदेश में प्रवास के दौरान राजदूत व संयुक्त सचिव विदेश मंत्रालय डॉ. पीयूष सिंह ने पिकप भवन में औद्योगिक विकास मंत्री को बताया कि भारत और पराग्वे के बीच व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सम्बंध है और पराग्वे भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है। औद्योगिक विकास मंत्री ने राजदूत को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की नई औद्योगिक नीति की जानकारी दी। इस दौरान सीईओ इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, एमडीप पिकप पीयूष वर्मा, संयुक्त निर्यात आयुक्त पवन अग्रवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### रिश्वत लेने के आरोपी सहित बीकापुर के दो लेखपाल निलंबित

**अयोध्या।** रिश्वत लेने के आरोपी सहित बीकापुर तहसील के दो लेखपालों को निलंबित कर दिया गया। नायब तहसीलदार को जांच अधिकारी बनाया गया है।

बीकापुर में तैनात लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव का रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ। यह कार्य कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ है। बीकापुर के उपजिलाधिकारी ने लेखपाल राजेश निलंबित करते हुए जांच अधिकारी नायब तहसीलदार शाहगंज को बनाया है। इसी तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल विंदेश्वरी प्रसाद को को भी एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। उन पर आरोप है कि बिना सूचना के तहसील मुख्यालय और अपने क्षेत्र अनुपस्थित रहे। यह अनुशासनहीनता के घोर लापरवाही की श्रेणी में है। नायब तहसीलदार तारून को जांच अधिकारी बनाया ।

### 35.78 लाख महिलाओं के खाते में पहुंचे तीन -तीन हजार

**लखनऊ।** योगी सरकार ने एक बार फिर प्रदेश की लाखों निराश्रित महिलाओं के जीवन में उम्मीद का उजाला फैलाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में राज्य सरकार ने 35,78,000 निराश्रित महिलाओं के खातों में प्रति माह एक हजार रुपये के अनुसार, तीन-तीन हजार रुपये की पेंशन राशि भेज दी है। यह धनराशि सीधे पात्र महिलाओं के खाते में भेजी गई है। पेंशन पाने वाली महिलाओं में 47,800 नई लाभार्थी महिलाएं हैं, राज्य सरकार के निर्देश हैं कि कोई भी पात्र महिला लाभ से वंचित न रहे।

**पहल** अयोध्या मेडिकल कॉलेज में यूपी मासिकॉन 2025 में पड़ोसी राष्ट्र से भी पहुंचेंगे चिकित्सक, तीन दिवसीय कांफ्रेंस का 25 से

# रामनगरी में पहली बार लगेगा सर्जरी के महारथियों का जमावड़ा

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या।

अमृत विचार : मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी में पहली बार सर्जरी करने वाले महारथी चिकित्सकों का जमावड़ा लगने जा रहा है।

ये राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय कांफ्रेंस यूपी मासिकॉन 2025 में शामिल होंगे। इसमें पड़ोसी मुल्क नेपाल के जाने-माने चिकित्सक भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए लाइव सर्जरी कर नई विधाओं का पाठ पढ़ाएंगे। कांफ्रेंस के दौरान लाइव ऑपरेशन होंगे। नए चिकित्सकों को कुछ सीख मिलेगी। तीन दिन तक कई कार्यक्रम होंगे। चिकित्सक राम मंदिर, हनुमानगढ़ी व अन्य तीर्थस्थलों का दर्शन करने भी जाएंगे।

कांफ्रेंस का आयोजन उत्तर प्रदेश चैप्टर एसोसिएशन ऑफ सर्जरी ऑफ इंडिया (एएसआई) की ओर से कराया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 जुलाई को दर्शननगर में होगा। पहले दिन लाइव सर्जरी होगी। नई सर्जरी की जानकारी दी जाएगी। इनमें पैर के नसों की लेजर सर्जरी, ब्रेस्ट के कैंसर की सर्जरी, थायराइड के कैंसर की सर्जरी आदि पर सेमिनार व डिबेट होगी। इसमें नए सर्जंस को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग इन इंड्यूरोलॉजी दी जाएगी। 26 व 27 को गंजा के सेमिनार हॉल में पैनल डिस्कशन होगा। 27 को नए बच्चे पेपर प्रेजेंट करेंगे। इसमें वे अपना शोध रखेंगे। अच्छा करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

**अयोध्या में है यूपी मासिकॉन का तीसरा संस्करण:** यूपी मासिकॉन का तीसरा संस्करण अयोध्या में होने जा रहा है। सबसे पहले बीएचयू और उसके बाद मोतीलाल नेहरू प्रयागराज में इस संस्करण का आयोजन हुआ है। ।प्राचार्य व ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन प्रो. डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि अयोध्या मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को हर विधा व सर्जरी की नई तकनीकों से पारंगत करना है। इसी कारण कांफ्रेंस को कराने का निर्णय लिया गया है।



राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अमृत विचार

### ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में ये हैं शामिल

❍ डॉ. पीएन सिंह, मुख्य संरक्षक ❍ डॉ. वीके गुप्ता, डॉ.एसपी बंसल, डॉ. वीपी सिंह, संरक्षक ❍ प्रो. डॉ. सत्यजीत वर्मा, चेयरमैन ❍ प्रो. डॉ.एमसी पांडेय, सेक्रेटरी ❍ डॉ.हरिओम यादव, चीफ एडवाइजर ❍ डॉ. राकेश तिवारी, कल्चरल कमेटी❍ .डॉ. अंकित सिंह, ट्रीजर ❍ डॉ. अमित यादव, साइंटिफिक कमेटी❍ डॉ. संजय गौतम, ट्रेड कमेटी ❍ डॉ. विक्रांत यादव, ऑडियो, विजुअल, पेपर एंड पोस्टर ❍ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, फूड एंड बैंक्वेट❍ डॉ. ए अहमद खान, ट्रांसपोर्ट कमेटी ❍ डॉ. छविंदर सिंह, सोवेनियर कमेटी❍ डॉ. शक्ति व डॉ.दिव्या उपाध्याय, रजिस्ट्रेशन एंड रिसेप्शन

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।

### अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाले इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

### क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।

## विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख से धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

**मुंबई, एजेंसी**



व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई, विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।

### 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल के मंडी में 5 शव बरामद, 34 लापता की तलाश जारी

**शिमला, एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया। भारी बारिश के कारण राज्य में कुल 282 सड़कें बंद हो गईं और 1361 ट्रांसफॉर्मर तथा 639 जल योजनाएं बाधित हो गईं। एसईओसी के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान मंडी में हुआ, जहां बुधवार सुबह तक 182 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध रहीं और 633 ट्रांसफॉर्मर तथा 465 जल योजनाएं प्रभावित रहीं। एसईओसी ने बताया कि इसके अलावा 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, 30 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 लोगों सहित कुल 370 लोगों को बचा लिया गया है और 11 अब भी फंसे हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो-दो टीम, पुलिस और होमगार्ड के साथ जिले में खोज और बचाव अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इस बीच, राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी है। कसौली में पिछली शाम से 55 मिलीमीटर बारिश हुई, इसके बाद बग्गी में 54.8 मिलीमीटर, धरमपुर में 38.8 मिलीमीटर, मंडी में 36.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

### देश में 11 नदी निगरानी केंद्र पर चेतावनी स्तर के पार : सीडब्ल्यूसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

# मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया प्रति व्यक्ति कर्ज 4.8 लाख रुपये हुआ: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।

### संरा सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता पाकिस्तान को मिलने पर आलोचना की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज होने से रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और इसे भारत के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका बताया। पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि उसने जुलाई के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभाली है।

### रथ यात्रा



पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को बहुदा यात्रा से पहले गुंडिचा मंदिर के सिंहद्वार (मुख्य द्वार) से दक्षिण द्वार तक खींचते सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

## एक नजर

### अंतर्राज्यीय हथियार रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा है। अधिकारी ने बताया कि एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान 13 देशी पिस्तौलें, एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, 18 कारतूस और अवैध हथियारों की ढुलाई में इस्तेमाल किया गया एक स्कूटर बरामद किया गया है।

### दिल्ली में पेट्रोल पंप मालिकों पर जुर्माना, कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें समयसीमा समाप्त वाले वाहनों को ईंधन देने के नियम का पालन न करने पर पेट्रोल पंप मालिकों पर मुकदमा चलाने और जुर्माना लगाने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई है। नियमों के अनुसार, दिल्ली भर के पेट्रोल पंपों को सीएक्यूएम के निर्देशों के तहत एक जुलाई से समयसीमा समाप्ति वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने के लिए कहा गया है। 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से बुधवार शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी थी।

# संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम आजाद व महेश कुमावत को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा। आरोपियों ने दिसंबर 2023 में हुई घटना के संबंध में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों का इरादा 2001 के संसद हमले की भयावह यादें ताजा करना था।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

## दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे। समिति यह भी अध्ययन करेगी कि इस औद्योगिक इकाई में श्रमिक सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जाता है या नहीं।

# अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका और परमबंस सिंह बंटी रोमाना को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में पूर्व उप मुख्यमंत्री बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए क्योंकि वह गुरद्वारे में मत्था टेकना चाहते हैं।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज के खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अब तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया।

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था।

# गिल के शतक से भारत के पांच विकेट पर 310 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : जायसवाल शतक से चूके, केएल राहुल और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट



114 रन
216 गेंद
12 चौके
शुभमन गिल

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**

बर्मिंघम, एजेंसी

कप्तान कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी लगातार दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट पर 310 रन बना लिए। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह के बगैर अंतिम एकादश में तीन हरफनमौलाओं को लेकर उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में संतुलित प्रदर्शन किया। लीड्स की ही तरह एडबस्टन की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार है और बुमराह की गैर मौजूदगी में भारत को 500 रन का स्कोर बनाना होगा।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेज 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाये जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए।

गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया। कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह मिली है जबकि कलाई के स्पिनर कुलदीप फिर बाहर हैं। पहले मैच में 20 विकेट लेने में नाकाम रहने के बाद कुलदीप को टीम से बाहर रखने के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं।



50 रन पूरा करने पर जश्न मनाते भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल।

**भारत पहली पारी**

**310/5** (85 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| केएल राहुल बो वोक्स | 02 |
| करूण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल नाबाद | 114* |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 41* |

**अतिरिक्त :** 9 रन, **गेंदबाजी :** वोक्स 21-6-59-2, कार्स 16-2-49-1, टंग 13-0-66-0, स्टोक्स 15-0-58-1, बशीर 19-0-65-1, रूट 1-0-8-0

# लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

बर्मिंघम, एजेंसी





भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने शृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

# क्लासिकल शतरंज के लिए अधिक प्रयास की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच ने दर्ज की जीत, गॉफ-ज्वेरेव बाहर



लंदन, एजेंसी

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है।

### सबालेंका तीसरे दौर में

नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका दूसरे दौर का पहला सेट गंवाने से दो अंक के फासले पर थी, लेकिन उन्होंने मैरी बूजकोवा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

### युकी-गैलोवे की जोड़ी दूसरे दौर में, बोपन्ना बाहर

भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी व उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना व बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से सीधे सेट में हारकर बाहर हो गई। वहीं भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन से तीसरे सेट का टाई ब्रेकर खेल रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी व उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

# भारत ने इंग्लैंड को 24 रन से हराया

- अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने जड़ा अर्धशतक

ब्रिस्टल, एजेंसी



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की शृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

दुबई, एजेंसी

**आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा**

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमश: दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।


वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, आयुष हारे

कैलगरी, एजेंसी

**बैडमिंटन टूर्नामेंट**



किदाम्बी श्रीकांत

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारतीय युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

# फिर पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

- दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी दी थी अमेरिकी राष्ट्रपति ने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है। मंगलवार को ही ट्रंप ने 'स्पेसएक्स' के संस्थापक मस्क को दक्षिण अफ्रीका भेजने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने धमकी दी थी।

दरअसल 'एक्स' के मालिक मस्क ने हाल ही में सीनेट की ओर से पारित किए गए वन बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करते हुए इसे पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे, भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो।

इजराइल और हमास के बीच 60 दिवसीय युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा, जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए। ट्रंप ने विश्व के कई गंभीर संघर्षों को रोका है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ ट्रंप की गाजा में युद्धविराम की घोषणा वाली पोस्ट भी शेयर की है। गौरतलब है कि मई में अमेरिकी संसद के निचले सदन ने ट्रंप के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' को आगे बढ़ाया था जिसमें संघीय खर्च में कटौती के साथ गंभीर कर छूट का भी प्रावधान है।

# जापान को 35 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जापान को धमकी दी कि अगर दोनों देशों के बीच अगले सप्ताह की समय सीमा से पहले व्यापार समझौता नहीं होता है तो उस पर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने 2 अप्रैल को जापान पर 'मुक्ति दिवस' के हिस्से के रूप में 24 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।जापान पर लगाया गया 24 प्रतिशत शुल्क ट्रंप के 'मुक्ति दिवस' के एक भाग के रूप में था, जिसमें उन्होंने दुनिया भर के देशों पर आयात शुल्क लगाया था। ट्रंप ने इसी दिन दुनिया भर के देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

## दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्ययम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### जापान: टोकारा द्वीप पर 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में टोकारा द्वीप पर बुधवार को 5 .5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गे। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 3 :26 बजे आया, जिसका केंद्र लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र 29 .2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 129 .2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। कागोशिमा प्रान्त के तोशिमा गांव में भूकंपीय तीव्रता 5 से कम थी। अन्य क्षेत्रों में जहां 3 या उससे अधिक तीव्रता दर्ज की गई। उन पर वर्तमान में निगरानी रखी जा रही है।

### स्वेज की खाड़ी में जहाज डूबा, चार की मौत

**काहिरा।** स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाले एक जहाज के पलट जाने से चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेल निकालने वाला जहाज मंगलवार शाम को लाल सागर के उत्तर पश्चिमी भाग और एक अहम समुद्री मार्ग स्वेज की खाड़ी के अफ्रीकी हिस्से से सटे रास घरेब शहर के पास पलट गया। लाल सागर प्रांत के गवर्नर अमर हनाफी ने कहा कि जहाज पलटने के वक्त उसमें 30 कर्मचारी सवार थे। उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने चार शव बरामद किए और 22 अन्य को बचाया, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### अफ्रीकी संघ का सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी


## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई, जबकि कई घायल हो गए।

हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं।


क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। उन्होंने चार प्रमुख क्षेत्रों-समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, और मानवीय सहायता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया पर केंद्रित एक नए, महत्वाकांक्षी और मजबूत एजेंडे की भी घोषणा की। इस बैठक में क्वाड देशों ने 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की दिशा में सहयोग कर आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलेपन को मजबूत करने के लिए हमारी साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है। वक्तव्य में कहा गया, हम कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

### चारों देशों ने समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई के प्रति अपने कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। ऐसी गतिविधियों में अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों के लिए प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं की अचानक कमी और भविष्य की विश्वसनीयता के बारे में भी गहरी चिंता जताई।

# चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना खारिज की

**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को बुधवार को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी। इस तरह चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ तिब्बती बौद्ध के दशकों पुराने संघर्ष में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को कहा कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी और केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास उनके उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार होगा। इसके साथ ही दलाई लामा ने इस अनिश्चितता को समाप्त कर दिया कि उनके बाद उनका कोई उत्तराधिकारी होगा या नहीं।

गादेन फोडरंग ट्रस्ट की स्थापना दलाई लामा ने 2015 में की थी। रविवार को दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले उनकी यह घोषणा बीजिंग के साथ तनाव बढ़ाने वाली है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दलाई लामा की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दलाई लामा के पुनर्जन्म को धार्मिक परंपराओं और कानूनों के अनुरूप घरेलू मान्यता, स्वर्ण कलश प्रक्रिया और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार, ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन, विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू


**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

# पाकिस्तान में बम धमाके से मारे गए चार सरकारी अफसर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है, तलाश अभियान और हमले की जांच जारी है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ ने विस्फोट की निंदा की है।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश


धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।



- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट के तहत 31 दिन में तैयार की 790 मीटर लंबी सुरंग

परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने कहा, यह 13.09 किलोमीटर लंबी सुरंग डाउनलाइन है जो 14.57 किलोमीटर लंबी अपलाइन सुरंग से समानांतर और 25 मीटर की दूरी पर है। अपलाइन सुरंग की खुदाई का काम इसी साल 16 अप्रैल 2025 को पूरा कर लिया गया था।

# शी चिनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया। शी सत्ता में अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान हमेशा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

**विवाद** कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

नई दिल्ली,एजेंसी

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य




मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।

मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।